तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 26.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025



रविवार को शहर के सभी ट्रेफिक सिग्नल बंद थे, लेकिन सत्यम चौक स्थित सिग्नल को चालू रखा गया था। वाहन चालकों को कड़ी धूप में खड़ा होना पड़ा।



## गर्मी में बिजली कर रही बेहाल, लुकाछिपी जारी

**बिलासपुर।** गर्मी के प्रचंड तेवर के आगे हर कोई बेबस नजर आ रहा है लेकिन इस दौरान बिजली व्यवस्था भी चौपट हो रही है। लगातार ट्रांसफार्मर में खराबी आ रही है और बिजली की आंख मिचौली जारी है। रविवार को पारा 43 डिग्री के आसपास रहा, इस दौरान शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या भी जारी रही। जहां रात में करबला रोड और मधुबन, दयालंबद में 11 केवी लाइन के ब्रेकडाउन होने की वजह से इलाकें में 1 घंटें तक बिजली बंद रही, वहीं दिन में भी लाइट कई बार गुल होती रही। यही हाल अशोक नगर, चांटीडीह, राजकिशोर नगर का रहा, जहां बिजली आती जाती रही। शाम 4 बजे से जगत दाल मिल, तेलीपारा क्षेत्र में बिजली बंद रही, और करीब 2 घंटे तक सप्लाई ठप रहने के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया।



**अरपा में गंदा पानी रोकने 103 करोड़ की नई योजना :** 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1–1 एसटीपी पहले ही बनाए जा रहे

# चिंगराजपारा, तिलकनगर और शनिचरी में बनेंगे तीन नए एसटीपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के रिहायशी क्षेत्रों से 70 नाले, नालियों का गंदा पानी अरपा नदी में पहुंचता है। निगम ने इसकी सफाई के लिए 285 करोड़ का प्लान पेश हाईकोर्ट में पेश किया है, जिसमें शहर अरपा में 4 एसटीपी बनाए जाने की बात है। निगम का दावा है कि मार्च 2026 तक चारों एसटीपी पूरे हो जाएंगे। इसमें 30 करोड़ की लागत से मंगला में 2 और कोनी व जवाली नाला पर 1-1 एसटीपी के निर्माण का कार्य अंतिम चरणों में है। अब इसके साथ ही निगम ने तीन और एसटीपी बनाने का फैसला लिया है। इसमें चिंगराजपारा में 40 एमएलडी का, तिलकनगर में 4 एमएलडी का और शनिचरी में 8 एमएलडी का एसटीपी बनाया जाएगा। इसके लिए 103 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अनुमति मिलने के बाद टेंडर और वर्क आर्डर किया जाएगा। एमआईसी और सामान्य सभा ने इस प्रस्ताव को पास भी कर दिया है। इस पूरे प्रोजेक्ट का डीपीआर पूणे की कंपनी ब्लू स्ट्रीम इंफ्रा जेवलपमेंट कंस्लटेंट ने बनााया है।

- बन रहे सभी एसटीपी की क्षमता कितनी होगी और यह कितना पानी साफ कर पाएंगे इस पर अभी भी सवाल

देखा जाए तो हाईकोर्ट ने पहल न की होती तो अरपा को प्रदूषण से मुक्त कराने, नदी में 12 महीने जल का प्रवाह बनाए रखने के लिए बैराज, एनीकट के निर्माण और उद्गम स्थल की भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती। इसमें तेजी तो आई है लेकिन अभी भी इसके लिए जमीनी कार्यवाही तेज करनी होगी। फिलहाल तो करीब 4 करोड़ लीटर गंदा पानी रोज नदी में बह रहा है। शहर के नाले, नाली, सीवरेज प्रोजक्ट, कचरा, मलबा सब अरपा नदी में गिर रहे हैं।

### अरपा में इस तरह फैल रही गंदगी

- नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है।
- सीवरेज प्रोजेक्ट का गंदा पानी दोमुंहानी और चिल्हाटी स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से नदी में प्रवाहित हो रहा।
- कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है।
- निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है।



### अधूरी योजनाएं

- अरपा के शिवघाट और पचरीघाट में पानी रोकने के लिए बैराज निर्माण का कार्य अपूर्ण
- पेंड्रा के अमरपुर में उद्गम स्थल के संरक्षण, जलकुंड के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाधीन
- बिलासपुर में शहर में नदी में पहुंचने वाले 70 नाले, नालियों के गंदे पानी के ट्रीटमेंट का लक्ष्य अधूरा
- अरपा में कचरा, मलबा की डंपिंग लगातार जारी

### रुके पानी का शुद्धिकरण बहुत जरूरी

अधिकारियों के मुताबिक प्रथम चरण में शिवघाट बैराज से पचरी घाट बैराज के बीच प्रवाहित नालों के दूषित जल की रोकथाम होगी। इसमें एनजीटी के नियमों के पालन का दावा भी किया जा रहा है। इसके माध्यम से गंदे पानी को साफ किया जाएगा। इन एसटीपी की क्षमता कितनी होगी और यह कितना पानी साफ कर पाएंगे इस पर सवाल है। दूसरी ओर शहरवासियों की आशंका इस बात कि है कि यदि नदी में जा रहे गंदे पानी को साफ करने की व्यवस्था समय पर नहीं हो सकी तो अरपा का पानी एक तरह से जहर हो जाएगा। दरअसल दोनों बैराज बनने के बाद अरपा में बारहों महीने पानी भरने की तो बात कही जा रही है, लेकिन रुके पानी का शुद्धिकरण नहीं हुआ तो यह और गंदा होता जाएगा।

### चिल्हाटी और दोमुंहानी में भी सफाई नहीं

चिल्हाटी और दोमुंहानी स्थित दो एसटीपी से भी शत प्रतिशत गंदे पानी का उपचार नहीं हो पा रहा है। इसकी क्षमता 71 एमएलडी की है। इससे अरपा में नगर निगम एरिया में पहुंचने वाले करीब 70-80 फीसदी गंदे पानी की सफाई की जा सकेगी। हालांकि फिलहाल इनके चिल्हाटी स्थित 17 एमएलडी क्षमता के एसटीपी के जरिए 15.50 एमएलडी और 54 एमएलडी क्षमता वाले दोमुंहानी के प्लांट से मात्र 24 एमएलडी जल मल की सफाई की जा रही है। जाहिर है कि नालों के जरिए हर दिन नदी में पहुंचने वाला करोड़ों लीटर गंदा पानी अरपा को निरंतर प्रदूषित कर रहा है।

### 17 साल बाद भी सीवरेज अधूरा

यहां यह भी ध्यान रहे कि जल-मल की निकासी रोकने के लिए साल 2007-2008 में शुरू हुई सीवरेज परियोजना अपने लक्ष्य से अब तक कोसो दूर है। योजना के अंतर्गत 40 हजार घरों के जल-मल की सफाई होनी थी, पर अब तक निगम एरिया के करीब 20 फीसदी ही घरों को इससे जोड़ा जा सका है। निगम की ही मानें तो 17 साल बाद भी केवल 7693 हाउस कनेक्शन दिए जा सके हैं।

### बनाया जाएगा एसटीपी

अरपा में पहुंचने वाले गंदे पानी की शत प्रतिशत सफाई के लिए ब्लू स्ट्रीम कंपनी द्वारा 103.69 करोड़ रुपए की कार्ययोजना पेश की गई है। इसका परीक्षण कर तकनीकि प्रकोष्ठ द्वारा अनुमोदित किया गया है। अरपा में जा रहे गंदे पानी की सफाई के लिए निगम ने तीन और एसटीपी बनाने का फैसला लिया है। इसमें चिंगराजपारा में 40 एमएलडी का, तिलकनगर में 4 एमएलडी का और शनिचरी में 8 एमएलडी का एसटीपी बनाया जाएगा।

\- राजकुमार मिश्रा
चीफ इंजीनियर, नगर निगम

दोपहर दो बजे के आसपास अचानक बढ़ा तापमान, एसी, कूलर फेल

# पारा 43 पार, सड़कों पर धूप का कर्फ्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रविवार को बिलासपुर शहर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। शहर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेंटीग्रेड रिकार्ड किया गया, जो प्रदेश के सभी शहरों से अधिक था। दोपहर दो बजे के आसपास अचानक तापमान उछलने से एसी, कूलर के सामने लोगों का पसीना निकलने लगा। तेज धूप और गर्म हवा से बचने लोग सुबह से शाम तक घरों में दुबके रहे।

सिस्टम के प्रभाव से आसमान में बीते दिनों छाए बादलों व बारिश ने शहरवासियों को राहत तो नहीं दी, लेकिन अधिकतम तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण लोग झुलसा देने वाली गर्मी से हलाकान हो रहे हैं। रविचार को प्रदेश के सबसे गर्म शहर बिलासपुर में गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आया। सुबह नौ बजे से चलने वाली गर्म हवाओं ने देर शाम तक भी शहर के लोगों को इससे राहत नहीं दी। अधिकतम तापमान तो लोगों को परेशान कर ही रहा है, लेकिन न्यूनतम तापमान में भी 26 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ोतरी दर्ज कर ली गई है। उत्तर-पश्चिम की ओर से आ रही गर्म हवाओं के कारण सोमवार को तापमान और बढ़ सकता है।

### गर्म हवा चलने से आज बढ़ सकता है तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| माना एयरपोर्ट | 42.1 | 27.1 |
| बिलासपुर | 43.0 | 26.4 |
| पेण्ड्रारोड | 42.5 | 25.2 |
| अंबिकापुर | 40.6 | 24.3 |
| जगदलपुर | 35.8 | 25.4 |



### गर्मी में झुलस रहे स्कूली बच्चे

शहर के लगभग सभी स्कूलों में आगामी शैक्षणिक सत्र की पढ़ाई प्रारंभ हो चुकी है। हालांकि सरकार द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्कूलों की टाईमिंग में बदलाव किया गया है, लेकिन इसके बाद भी बच्चों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे बच्चे जो स्कूल बस,आटो या वैन से स्कूल आना-जाना करते हैं, उनकी स्कूल से छुट्टी तो ग्यारह बजे तक हो जाती हैं, लेकिन वाहन चालकों द्वारा बच्चों की संख्या अधिक होने के कारण कई पालियों में बच्चों को ले जाने की स्थिति बच्चों को अपनी बारी का इंतजार करते व घर पहुंचते तक बारह से साढ़े बारह तक बज जाते हैं। ऐसी स्थिति में भरी दुपहरी में छोटे बच्चों को हलाकान होना पड़ रहा है।

### शाम 6 बजे के बाद भी सड़कें गर्म

शहर में गर्मी की हालत ऐसी थी कि शाम 6 बजे के बाद भी सड़कों से तपिश बारह निकल रही थी। पूरा दिन तेज धूप के प्रभाव में रहने के कारण सड़क के दोनों ओर स्थित मकान भी गर्म हो जाते हैं, लिहाजा शाम हो जाने के बाद भी घर और सड़क से तपिश बाहर आने के कारण वातावरण में लू जैसी स्थिति बनी रहती है। इससे बचने के लिए लोग घर व दुकानों में पानी का छिड़काव भी करते नजर आए।

### बढ़ने लगे वायरल फीवर के मरीज

भीषण गर्मी के असर से शहर में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। शहर के निजी व शासकीय अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचने वाले बीमारों की लंबी लाईन देखी जा सकती है। इस दौरान सर्वाधिक भीड़ बच्चों के अस्पताल में नजर आ रही है। दोपहर में स्कूल से आना-जाना करने व दोपहर में ही घर के बाहर खेलकूद के कारण बच्चे गर्मी से सर्वाधिक बीमार पड़ रहे हैं।

### रात 11 बजे तक मार्केट में रौनक

सुबह नौ बजे से ही झुलसा देने वाली गर्मी के कारण लोग अति आवश्यक नहीं होने की स्थिति तक घरों में ही रहना पसंद कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में शहर के बाजारों में पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहता है। इसके विपरीत जरूरत का सामान खरीदने वालों की भीड़ शाम छह बजे के बाद बाजारों में नजर आ रही है। स्थिति यह है कि शहर के बाजारों में रात ग्यारह बजे तक भी खरीदारों की भीड़ दिखाई पड़ रही है। इस दौरान सर्वाधिक भीड़ शहर के मुख्य बाजारों, गोल बाजार सदर बाजार व फल व सब्जी खरीदारों की भीड़ बृहस्पति बाजार में दिखाई पड़ रही है।

# आधी रात तलवार लेकर घर में घुसा बदमाश

### कहा- यहां रहना है तो हर महीने पैसे दो...

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी क्षेत्र में आधी रात एक बदमाश हाथ में तलवार लेकर एक मकान में घुसकर गुण्डागर्दी करते हुए सामान बाहर फेंककर कहने लगा, यहां रहना है तो हर महीने पैसे दिया करो। उसने मां-बेटे को तलवार से मारने की कोशिश। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया, यदुनंदन नगर निवासी शीतल तिवारी पति रामशण तिवारी ने रिपोर्ट लिखाई कि 19 अप्रैल की रात खाना खाने के बाद वे पति, बच्चे के साथ सोई हुई थीं। रात 3.45 बजे फरीद खान नामक युवक उनके घर के दरवाजे को पीटने लगा। उनके बेटे ने दरवाजा खोला फरीद खान हाथ में तलवार लेकर उनके घर में घुसकर उनकी व बेटी को मारने के लिए दौड़ा। उसके बाद सामान को उठाकर फेंकने लगा। पूजा स्थान में रखे देवी देवताओं की फोटो को फेंकने लगा और कहने लगा तुम लोगों को यहां रहना है तो मुझे हर महीने पैसा दिया करो। उन लोगों ने मना किया तो गाली गलौज करते हुए श्रीमती तिवारी व उनके बेटे को मारने की कोशिश करने लगा। बीच बचाव करने पर उनके पति के साथ मारपीट की। उसने सागर श्रीवास व अन्य लोगों के घर में घुसकर उत्पात मचाया है। घटना से घरवाले भयभीत हैं। पुलिस ने श्रीमती तिवारी की रिपोर्ट पर फरीद खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 298, 308, 333 के तहत फरीद खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।




स्वास्थ्य विभाग ने कहा- रूटिन सर्वे किया गया

# डायरिया की आशंका से दहशत, एक घर से कई बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी और दूषित पेयजल के कारण शहर के एक मोहल्ले में दर्जन से अधिक लोग डायरिया से पीड़ित है। बीते पंद्रह दिनों से यह सिलसिला लगातार जारी है। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम को इसकी जानकारी दी गई है, जिसके बाद मितानिन और स्वास्थ्य कर्मचारियों को फिल्ड में लगाया गया है। बीमार होने वालों में बच्चों से लेकर महिलाएं शामिल हैं।

- निगम के पाइप लाइन टूटने से समस्या

एक ओर गर्मी की मार है वहीं दूसरी ओर डायरिया का प्रकोप बढ़ रहा है। शहर के दो वार्डों में डायरिया का संक्रमण फैला हुआ है। जिससे 10 से 12 लोग बीमार हो चुके हैं। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 16 कुदुदंड बसंत चाल व मंगला के कुछ इलाके में डायरिया फैल चुका है। बताया जा रहा है कि रहा है कि 15 दिन पहले जेसीबी मशीन से गड्ढा किया गया था। इससे पानी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई और नाली का गंदा पानी लोगों के घरों में जाने लगा है। दूषित जल के पीने की वजह से मोहल्ले के कई लोगों को एक साथ उल्टी व दस्त की समस्या से जूझना पड़ रहा है। नगर निगम को सूचना देने के बाद पाइप लाइन में सुधार कार्य किया गया है, लेकिन इसके बावजूद लोग बीमार हो रहे हैं। अबतक दो दर्जन से अधिक लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं, जिसमें एक ही परिवार के 6 से अधिक सदस्य शामिल है। बीमार लोगों का इलाज घर में चल रहा है।



### स्वास्थ्य विभाग ने बांटी दवाइयां

सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी ने बताया कि शिकायत मिलने पर मितानिन व स्वास्थ्य कर्मचारियों को इलाके में भेजा गया है, लेकिन माल्ड डायरिया होने के कारण सभी को दवा का वितरण किया जा चुका है। जानकारी मिली है कि नाली का पानी घरों पर पहुंच रहा था जिसके कारण समस्या हुई है। नगर निगम की टीम को इसकी जानकारी दी जाएगी। पानी की जांच के बाद स्थिति साफ होगी।

### पिछले साल 5 लोगों की हो चुकी है मौत

पिछले साल जून से अगस्त के बीच फैले डायरिया के प्रकोप में 5 लोगों की मौत हो गई थी। रतनपुर में 300 से अधिक परिवारों को डायरिया का प्रकोप झेलना पड़ा था। स्वास्थ्य अधिकारी वर्तमान में ऐसी समस्या से इंकार कर रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि क्लोरिन की दवा का वितरण कर स्वच्छ पानी पीने की सलाह दी गई है।

## खबर संक्षेप

### सुमित छग राज्य प्लांटेशन बोर्ड के निदेशक नियुक्त

**बिलासपुर।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद प्लांटेशन बोर्ड छत्तीसगढ़ राज्य का सुमित कुमार को निदेशक नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर सुमित ने



आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद ने मुझे जो कार्यभार सौंपा है उसे पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ पूरा करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर परिषद के राष्ट्रीय चेयरमैन राहुल द्विवेदी, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन उदद्यन कुलश्रेष्ठ, संचालन सचिव विभाग प्रदीप अवस्थी एवं कानूनी निदेशक सुनील यादव के अलावा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। पदाधिकारियों ने कहा कि सुमित कुमार समाज को अपना योगदान देते रहे हैं और आज इस पद के चयन के साथ ही हम सभी उनसे उम्मीद करते हैं कि वह अपना दयित्व पूरी कर्तव्य निष्ठा से निभाएंगे ।

### गुंजेश तामले का जेईई मेंस द्वितीय में भी चयन



**बिलासपुर।** सागर होम्स फेस 2 नेचर सिटी सकरी निवासी गुंजेश तामले का जेईई मेंस द्वितीय में 99.42 पर्सेंटाइल के साथ चयन हुआ है। गुंजेश का जेईई मेंस प्रथम में ही 99.67 पर्सेंटाइल के साथ चयन हो गया है । वह शुरू से ही होनहार छात्र रहा है। कृष्ण पब्लिक स्कूल कोनी का विद्यार्थी है। वे नेहरू नगर छग स्टेट पावर डिस्टिक डिस्ट्रिक लिमिटेड बिलासपुर के अभियंता जेआर तामले के पुत्र है।

### भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

**बिलासपुर।** यदुनंदन नगर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। यदुनंदन नगर ब्राह्मण समाज तिफरा के राजू तिवारी ने बताया कि प्रथम दिवस भगवान श्री परशुराम का भवन यदुनंदन नगर में 30 अप्रैल बुधवार को सुबह 10 बजे से भगवान परशुराम का प्रगटोत्सव- जन्मोत्सव (अक्षय तृतीया ) को पूजा अर्चना तत्पश्चात भोग प्रसाद वितरण कर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। द्वितीय दिवस 1 मई को शाम 4.30 बजे भव्य शोभा यात्रा शीतला माता मंदिर में सम्मलित होकर देवकीनंदन स्कूल में पूजा आरती कर भोग प्रसाद वितरण किया जाएगा। सर्व ब्राह्मण समाज यदुनंदन नगर तिफरा प्रछेत्र से श्रद्धालुओं से पूजा, आरती, भोग प्रसाद एवं शोभा यात्रा में परिवार सहित शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

### कांग्रेस ने की भाजपा कार्यालय घेरने की घोषणा, राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी का कहना है कि गुरु घासीदास सेंटल यूनिवर्सिटी और अटल बिहारी बाजपेई यूनिवर्सिटी में जो कुछ चल रहा है, इसके पीछे आरएसएस का ही ईशारा है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने राष्ट्रपति और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए आरएसएस के ईशारे पर कुलपतियों द्वारा शहर का सौहार्द्र बिगाड़ने के आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि देश को हिंदू मुस्लिम के विवाद में झोंक देने वाली केंद्र सरकार लगता है अब शिक्षण संस्थानों में भी इस राष्ट्रव्यापी साजिश को सुनियोजित ढंग से फैलाना चाहती है। बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने से हाथ पीछे खींचने वाली केंद्र की सरकार लगता है शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच सांप्रदायिकता का जहर घोलने की शुरुआत कर चुकी है अच्छे भविष्य की कल्पना को लेकर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को यूनिवर्सिटी में चल रहे सुनियोजित हथकंडों से बचना चाहिए। श्री केशरवानी ने कहा कि बिलासपुर के कोनी में स्थापित दोनों विश्वविद्यालय में लगातार इस तरह राष्ट्रीय व्याख्यान और कार्यशाला आयोजित किए जाते हैं, जिसका विषय ही राजनीति से प्रेरित होता है। ऐसे आयोजनों में करोड़ों खर्च किया जाता है और व्याख्यान को संबोधित करने संघ से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया जाता है, लेकिन ऐसे व्याख्यानों से छात्र-छात्राओं का कोई हित नहीं होता है। कश्मीर से लेकर मणिपुर, असम सहित कई राज्यों के हालात पर व्याख्यान तो होते हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ को लेकर कभी भी इस तरह के व्याख्यान नहीं होते ।

### मोर दुआर साय सरकार के तहत आवास सर्वेक्षण जारी



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के उद्देश्य से मोर दुआर साय सरकार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पूरे जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। जिले के जनप्रतिनिधि लोगों के घर पहुंचकर सर्वेक्षण कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। मोर दुआर साय सरकार अभियान के तहत जिला पंचायत पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने पौंसरा में ग्रामीणों के घर सर्वेक्षण किया। जिपं उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप ने निगारबंद, जिपं सदस्य भारती नीरज माली ने चोरभट्टीखुर्द, अंबिका विनोद ने गिरधौना, शिवेंद्र प्रताप कौशिक ने जरौंधा, तखतपुर जनपद अध्यक्ष डॉ. माधवी वस्त्रकार ने भरनी पेंडारी, उपाध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने खजूरी, जनपद सदस्य राजकुमार साहू ने ग्राम पंचायत दगौरी, प्रकाश कमल सेन ने ग्राम सिंघरी, उषा सोरठे ने बांका में सर्वेक्षण किया गया। उन्होंने हितग्राहियों के मकान का सर्वेक्षण आवास प्लस 2.0 मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किया गया।

## निधन

### अंकित मसीह



**तखतपुर।** वार्ड क्र 5 निवासी अंकित मसीह उर्फ गोल्डी का 33 वर्ष की आयु में 19 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार प्रभु की वाटिका में किया गया। वे आशेर मसीह, अभिषेक मसीह, डॉ संदीप चरण के छोटे भाई एवं रिशु, चीकू के पिता व साहिल, स्नेहिल के चाचा थे।

---

**सुशासन तिहार** सड़क, पानी, बिजली, स्कूल, चावल, राशन कार्ड, पेंशन आदि मूलभूत समस्या को लेकर लोग पहुंचे

# 4 दिन में दो लाख आवेदन, 53 हजार ने मांगा पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक वृध्दा को पेंशन के लिए सरकार के सुशासन तिहार में पहुंचना पड़ रहा, एक परिवार को पात्र होने के बाद भी पीएम आवास नहीं मिल रहा तो समझ जाना चाहिए कि तमाम सरकारी योजनाएं कागजों से बाहर नहीं निकल पा रही हैं। इसलिए ही 4 दिन के इस तिहार में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र मिलाकर जिले में 1 लाख 94 हजार से ज्यादा आवेदन अधिकारियों के पास पहुंच गए। इसमें ज्यादातर सड़क, पानी, बिजली, स्कूल, चावल, राशन कार्ड, पेंशन आदि मूलभूत समस्या को लेकर लोग पहुंचे। इनमें से एक भी मांग राज्य स्तर या मुख्यमंत्री जिस पर संज्ञान ले ऐसी नहीं है। सबसे अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना के रिकार्ड 53 हजार आवेदन किए गए हैं। कलेक्टर ने साफ निर्देश भी दिया है कि एक-एक आवेदनों को अच्छी तरह से पढ़ समझकर और योजनाबद्ध तरीके से उनके सार्थक निराकरण किया जाए।

8 से 11 अप्रैल तक चले सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र मिलाकर जिले में 1 लाख 94 हजार से ज्यादा आवेदन मिले हैं। कलेक्टर अवनीश शरण ने इन आवेदनों के जल्द निराकरण की बात कही है। कलेक्टर ने कहा है कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण के अंतर्गत आवेदनों के निराकरण का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने अगले 15 दिवस में सभी आवेदनों का निराकरण कर लेने को कहा है। इसके बाद 5 मई से 31 मई तक पंचायतों के समूह के बीच समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में सबके सामने निराकरण की स्थिति से आम जनता को बताया जायेगा।



### आवेदकों को विश्वास में लेकर होगी जांच

कलेक्टर ने कहा कि सभी विभागों को प्राप्त शिकायतों और मांग से संबंधित आवेदनों की हार्ड कॉपी भी उपलब्ध कराया जाएगा। बाकायदा इसकी पावती भी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतों का निराकरण तो कार्यालय स्तर पर किया जा सकता है, लेकिन कुछ के निराकरण में फिल्ड स्तर पर दौरे की भी जरूरत पड़ सकती है। शिकायतों की जांच में आवेदकों को विश्वास में लेकर जांच कराएं। यदि उपलब्ध न हो तो फोन पर जरूर उन्हें सूचित किया जाये।

### पीएम आवास के लिए मिले 53 हजार 383 आवेदन

सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में 1 लाख 94 हजार 620 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 1 लाख 81 हजार 529 ग्रामीण क्षेत्र से और 13 हजार 91 आवेदन शहरी इलाकों से शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत सबसे ज्यादा आवेदन 54 हजार 985 मस्तुरी विकासखण्ड से हैं। बिल्हा विकासखण्ड से 49 हजार 685, तखतपुर से 48 हजार 878 और कोटा विकासखण्ड में सबसे कम 27 हजार 981 आवेदन मिले हैं। बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में 9 हजार 623 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए रिकार्ड 53 हजार 383 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसी के साथ उज्ज्वला योजना के 4886, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 2631 आदि मांग शामिल हैं।

### आवेदनकर्ताओं को सूचना दी जाएगी

राज्य सरकार का यह सर्वोच्च प्राथमिकता का अभियान है। एक-एक आवेदनों को अच्छी तरह से पढ़ समझकर और योजनाबद्ध तरीके से उनके सार्थक निराकरण करने अधिकारियों से कहा गया है। यथासंभव आवेदनकर्ता को निराकरण की सूचना भी दी जाएगी।

**- अवनीश शरण**
कलेक्टर

---

मोपका में लगाए गए थे 204 विभिन्न प्रजातियों के पौधे

# फलों की बगिया से महक रहा है श्री कृष्ण कुंज, बना संभाग का मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका क्षेत्र में बैम्बू म्यूजियम के पीछे बिलासपुर वन मंडल ने एक एकड़ में श्री कृष्ण कुंज का निर्माण किया, जहां विभिन्न प्रजातियों के 204 से अधिक फलदार पौधे लगाए गए। वर्ष 2021 में इस योजना के तहत हर एक वन मंडल के साथ बिलासपुर वन मंडल को बतौर एजेंसी नियुक्त करते हुए कृष्ण कुंज तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा पौधे लगाकर तीन साल तक उनकी सुरक्षा व देखभाल की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। वन मंडल बिलासपुर इसमें खरा उतरा और वर्तमान में फलों की बगिया से महक रहा कृष्ण कुंज अब संभाग का मॉडल बन गया है।

श्री कृष्ण कुंज के तहत मोपका में एक एकड़ में 204 पौधे लगाए गए हैं। इसी तरह बोदरी, बिल्हा, मल्हार, रतनपुर, तखतपुर एवं कोटा में भी एक एकड़ में कृष्ण कुंज तैयार किया गया है। कृष्ण कुंज में आम, इमली, जामुन, बेर, शहतूत, अनार, कैथा, कदंब, पीपल, नीम, बेल, बरगद, अमरूद, सीताफल और आंवला जैसे औषधीय, फलदार



एवं सांस्कृतिक महत्व के जीवन उपयोगी पौधे लगाए गए थे। चार साल तक बिलासपुर वन मंडल ने कृष्ण कुंज में लगाए गए पौधे की अच्छी तरह से देखभाल की है।

वर्तमान में सभी पौधे जीवित हैं और वृक्ष का रूप ले चुके हैं। यहां पाथ वे और उद्यान भी बनाया गया है, ताकि आसपास के लोग भ्रमण करने के लिए इसका उपयोग कर सकें। फलदार के अलावा आक्सीजन उत्सर्जन वाले पौधों के साथ ही औषधीय पौधों को प्राथमिकता के साथ लगाया गया है। कुछ में तो फल भी आने शुरु हो गए हैं। कृष्ण कुंज में सैर के लिए पाथ वे के अलावा उद्यान भी बनाए गए हैं, जहां लोग अब सुबह और शाम सुकुन से समय गुजार रहे हैं। विभाग के अनुसार श्रीकृष्ण कुंज को बनाए जाने का मुख्य उद्देश्य स्थानीय संस्कृति की झलक, कुंज परिसर में हरियाली की चादर बिछाना और एक नया आक्सीजोन विकसित किया जाना था। इस कृष्ण कुंज को देखभाल करने की जिम्मेदारी वन विभाग को तीन साल के लिए दी गई थी। इस दौरान कुंज के निर्माण से लेकर सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल व भव्य मुख्य द्वार के साथ निर्धारित संख्या में पौधों का रोपण किया गया था। तीन साल का कार्यकाल पूर्व वित्तीय वर्ष में ही पूरा हो गया है। इसे देखते हुए मुख्यालय से सभी वन मंडल की तरह बिलासपुर को भी कृष्ण कुंज को नगर पंचायत, पालिका या फिर कृष्ण कुंज नगर निगम के अंतर्गत आता है, उन्हें हैंड ओवर करने का निर्देश जारी किया गया है, जिसपर विभाग ने प्रक्रिया भी शुरु कर दी है।

### सुरक्षित व भव्य स्वरूप में पौधे

बिलासपुर वन मंडल के सभी कृष्ण कुंज का निरीक्षण कर जांच भी की जा रही है, कि कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं है। कृष्ण कुंज में लगाए गए सभी पौधे सुरक्षित हैं और अब वृक्ष बन चुके हैं। यह योजना के तहत भव्य स्वरूप में हैं, इसलिए हैंडओवर करने में कोई भी दिक्कत नहीं है। हैंडओवर के बाद इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

**-सत्यदेव शर्मा,** डीएफओ
वन मंडल बिलासपुर

---

आरटीओ को मिले निर्देश

# हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने बढ़ेंगी एजेंसियां

**बिलासपुर।** वाहनों पर हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने की कवायद परिवहन विभाग ने तेज कर दी है। अब एजेंसियों के साथ ही परिवहन कार्यालय में भी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाई जा सकेगी। इसके लिए अलग से काउंटर बनाया जाएगा।

परिवहन आयुक्त एस प्रकाश की फटकार का असर दिखने लगा है। जल्द ही जिले में वाहनों पर हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने में तेजी लाने का निर्देश दिया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि वाहनों में रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए अनुबंधित कम्पनियों द्वारा शिविर लगाएं जाएंगें वहीं कम्पनियों को अपनी काउंटर और कर्मचारी बढ़ाने के निर्देश दिए गए है। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देश के अनुपालन में राज्य में वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही वाहन मालिकों के मोबाइल नंबर अपडेट किए जाएंगे।

### सचिव ने ली थी बैठक

17 अप्रैल को इस संबंध में परिवहन विभाग के सचिव ने बैठक लेकर आला अधिकारियों को चेताया है। अनुबंधित कंपनियों के एजेंटो को फिटनेश सेंटर के कर्मचारी बढ़ाने, तकनीकी उपकरणों मुहय्या करने के निर्देश दिए गए है। वाहन मालिकों को एचएसआरपी लगाने के लिए दिक्कत होने पर उन्हें सहयोग करने की बात कही गई है।

### मिले हैं निर्देश

हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के लिए शिविर लगाने के निर्देश उच्च कार्यालय से प्राप्त हो रहे हैं। आरटीओ कार्यालय में भी अब नंबर प्लेट लगाए जा सकेंगे। इसके लिए कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू किया गया है।

**-आनंद रूप तिवारी**
आरटीओ, परिवहन विभाग

### नंबर प्लेट में शुल्क की दी जाएगी जानकारी

खास बात यह है कि आम आदमी को नंबर प्लेट लगाने की जानकारी तक नहीं है। साथ ही एजेंसी और शुल्क की जानकारी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में आरटीओ ने साफ कहा कि लोगों को नंबर प्लेट लगाने से पहले देय शुल्क की जानकारी देनी होगी। इसके लिए शुल्क का बैनर भी एजेंसियों व कार्यल्य में लगाया जाना होगा।

---

### स्लीपर और बड़ी बसें शहर के आउटर से पहुंचेंगी हाईटेक बस स्टैण्ड

**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में जिले के बस संचालकों की आवश्यक बैठक बुलाई गई। बैठक में बस संचालकों की सहमति से नियमित रूप से संचालित होने वाली स्लीपर और बड़ी बसों का परिवर्तन मार्ग से परिचालन करने का निर्णय लिया गया है।

शहर में चल रही बड़ी बसों के कारण भीड़ और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही जाम लगने से यातायात में व्यवधान होता है। आम नागरिकों को सरल, सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था कराने का निर्णय लिया गया। जिसमें बस संचालकों की सहमति से बड़ी बसों का संचालन आउटर एरिया से चलाने का निर्णय लिया है। रतनपुर होकर कटघोरा, अंबिकापुर एवं पेंड्रा गौरेला की ओर आने जाने वाले बसें अब हाईटेक बस स्टैंड से गुम्बर पेट्रोल पंप, छतौना मोड, अमसेना से नेशनल हाईवे, सकरी, सेंदरी बाईपास होते हुए रतनपुर रोड के लिए निकलेगी। मस्तूरी होकर पचपेड़ी, जांजगीर, शिवरीनारायण की ओर आने जाने वाले बसें हाईटेक बस स्टैंड से गुम्बर पेट्रोल पंप, सिरगिट्टी, महमंद मस्तूरी होते हुए आना-जाना करेगी। सीपत होकर आने जाने वाले बसें हाईटेक बस स्टैंड से गुम्बर पेट्रोल पंप, सिरगिट्टी, महमंद, गुरु नानक चौक, मोपका होते हुए आना-जाना कर सकेंगे। इसी तरह सकरी तखतपुर होकर कोटा मुंगेली की ओर जाने वाले बसें हाईटेक बस स्टैंड से गुम्बर पेट्रोल पंप, छतौना मोड, अमसेना, नेशनल हाईवे सकरी बाईपास होते हुए आना-जाना कर सकेंगे।



### कांग्रेसजनों ने की प्रदेश सह प्रभारी से मुलाकात

**बिलासपुर।** कांग्रेस के प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़ का आज बिलासपुर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों से छत्तीसगढ़ भवन में मुलाकात की। उन्होंने जिले के संगठन पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, विधायकों, पार्षदगणों व प्रमुख कांग्रेसजनों को प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में 21 अप्रैल को रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास के घेराव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर जनहित के संघर्ष में सहभागी बनने की अपील की।

### नगर सैनिकों की लिखित परीक्षा आनलाइन आवेदन 30 मई तक

**बिलासपुर।** छग होमगार्ड विभाग से 1715 महिला नगर सैनिकों एवं 500 नगर सैनिकों के रिक्त पदों पर शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा के बाद लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट firenoc.cg.gov.in पर उपलब्ध है। चयनित अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित की जा रही है। लिखित परीक्षा में शामिल होने अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेबसाईट vyapamcg.cgstate.gov.in पर 16 अप्रैल से 30 मई की शाम 5 बजे तक कर सकते हैं। विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्मतिथि डालकर अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर लिखित परीक्षा के लिए आवेदन करेंगे।

# जोन मुख्यालय में स्थापित किया गया ब्रिटिशकालीन स्टीम इंजन

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोनल मुख्यालय के परिसर में ब्रिटिश काल के दौरान बने 114 वर्ष पुराने नैरोगेज स्टीम इंजन को स्थापित किया गया है, जो ऐतिहासिक प्रतीक के रूप में गौरव का विषय है। यह इंजन न केवल रेलवे के सुनहरे इतिहास की याद दिलाता है, बल्कि आगंतुकों को उस युग से रूबरू कराता है जब भाप से चलने वाले इंजन देश की प्रगति का आधार थे।

जोन मुख्यालय के अनुसार यह इंजन नार्थ ब्रिटिश कंपनी ग्लासगो इंग्लैंड द्वारा निर्मित किया गया था, जो उस समय विश्व की अग्रणी लोकोमोटिव कंपनी में से एक थी। यह स्टीम लोकोमोटिव भारतीय रेलवे के प्रारंभिक मालवाहन इतिहास का हिस्सा रहा है। इसका उपयोग बंगाल नागपुर रेलवे के चावल ढोने वाली मालगाड़ियों में किया जाता था। लगभग आधी सदी



तक सेवा देने के बाद यह इंजन 1956 में सेवानिवृत्त हुई। इंजन का रखरखाव पश्चिम बंगाल के आद्रा स्थित ऐतिहासिक लोकोशेड में होता था। इसे 2009 में भिलाई शेड लाकर सुंदर रंग रौगन एवं मरम्मत के बाद बिलासपुर मुख्यालय परिसर में प्रतिस्थापित किया गया। वर्तमान में इंजन को एक सुंदर चबूतरे पर स्थापित कर उसके चारों ओर हरियाली और विशेष लाइटिंग व्यवस्था की गई है, जिससे यह एक शानदार दर्शनीय स्थल बन गया है। इसके समीप स्थापित की गई पुरानी स्टीम क्रेन भी ऐतिहासिक माहौल को और अधिक सजीव बनाती है। यह प्रयास न केवल एक इंजीनियरिंग विरासत को सहेजने का माध्यम है, बल्कि रेलवे की विरासत शिक्षा का एक जीवंत उदाहरण भी बन चुका है। यह पहल भविष्य की पीढ़ियों को रेलवे के स्वर्णिम अतीत से जोड़ने के लिए की गई है, ताकि उन्हें जानकारी हो कि कैसे भाप इंजन जैसे नवाचारों ने देश को गति दी।

---

हाईकोर्ट में राज्य सरकार 4 सी एयरपोर्ट बनाने की दे चुकी है अंडरटेकिंग

# सांसदों, विधायकों से की जाएगी एयरपोर्ट को 4 सी बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा बाई केवट एयरपोर्ट बिलासपुर को 4सी श्रेणी में अपग्रेड करने के प्रस्ताव पर राज्य और केंद्र सरकार द्वारा कोई सार्थक कदम नहीं उठाने के कारण हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने यह ऐलान किया है कि उसका प्रतिनिधिमंडल बिलासपुर लोकसभा के सांसद तोखन साहू, लोकसभा के सभी आठ विधायकों को ज्ञापन सौंपेगा। जिसमें बिलासपुर अमर अग्रवाल, बिल्हा धरमलाल कौशिक, तखतपुर धर्मजीत सिंह, बेलतरा सुशांत शुक्ला, मुंगेली पुन्नू लाल मोहले, कोटा अटल श्रीवास्तव और मस्तूरी के विधायक दिलीप लहरिया शामिल हैं।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि हाईकोर्ट में पिछले 4 वर्षों में राज्य सरकार के द्वारा एक से अधिक बार यह अंडरटेकिंग दी गई कि बिलासपुर के एयरपोर्ट को 4सी श्रेणी में




अपग्रेड किया जाएगा, जिससे यहां बोइंग और एयर बस जैसे बड़े विमान उतर सके। इसके लिए रनवे का विस्तार, नया टर्मिनल बिल्डिंग और एक सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट बिलासपुर में बनाया जाएगा। समिति ने कहा कि 4 वर्षों में दी गई इन अंडरटेकिंग के अलावा अगर देखा जाए तो जमीन पर वास्तविक कार्य इसके लिए कुछ भी नहीं हुआ है। एक ओर जहां रक्षा मंत्रालय के कब्जे वाली जमीन की वापसी अभी भी लंबित है। जबकि भारतीय सेना के द्वारा इस जमीन का कोई उपयोग न होने और वापस करने की इच्छा पहले ही जताई जा चुकी है। दूसरी ओर 4सी एयरपोर्ट के लिए डीपीआर का आतापता नहीं है और ना ही राज्य सरकार ने अपने बजट में इसके लिए कोई आवंटन दिया है।

### 2 साल पहले की थी घोषणा

1 मार्च 2021 को प्रारंभ हुआ बिलासपुर एयरपोर्ट 4 साल में अभी तक नाइट लैंडिंग की सुविधा भी नहीं प्राप्त कर पाया है। जबकि यह सुविधा पहले 2 साल में ही देने की घोषणा की गई थी। रनवे की लंबाई अभी भी केवल 1500 मीटर है। बोईंग और एयर बस के लिए कहीं लंबा रनवे चाहिए। नया टर्मिनल भवन बनाने का प्रस्ताव था, परंतु यह टर्मिनल भवन फिर 4सी एयरपोर्ट के अनुरूप बनाया जाएगा, यह कहकर उसे भी वापस ले लिया गया। इस सब को देखते हुए हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने सभी जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा। इस अवसर सर्वश्री रवि बनर्जी, राकेश शर्मा, अनिल गारे, विजय वर्मा, महेश दुबे टाटा, मनोज तिवारी, देवेंद्र सिंह ठाकुर, नीरज अवस्थी, चंद्र प्रकाश जायसवाल, प्रकाश वहरानी, अखिल अली, मोहसिन अली आदि शामिल थे।

### एडीईओ के 200 पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा 15 जून को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की ओर से सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। 200 पदों पर होने वाली भर्ती के लिए ग्रेजुएट अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती परीक्षा 15 जून को प्रदेश के सभी 33 जिलों में आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र एक सप्ताह पहले जारी कर दिए जाएंगे। परीक्षा के लिए अभ्यर्थी दो मई शाम पांच बजे तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को त्रुटिसुधार का भी मौका दिया जाएगा। अभ्यर्थी तीन से पांच मई तक त्रुटिसुधार कर सकेंगे। ग्रामीण विकास में पीजी करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन्हें 15 अंकों का बोनस दिया जाएगा। परीक्षा के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष है, इसमें पांच साल की छूट दी जा रही है। यानी 40 साल की उम्र वाले राज्य के स्थानीय निवासी इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। आयु की गणना एक जनवरी 2025 के संदर्भ में की जाएगी। एडीईओ भर्ती के लिए परीक्षा 100 अंकों की होगी। परीक्षा में 100 प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रत्येक प्रश्न एक-एक अंक के होंगे। परीक्षा में अभिप्राप्त अंकों का 85 प्रतिशत वेटेज देते हुए मेरिट सूची तैयार की जाएगी। शेष 15 अंक उन अभ्यर्थियों को दी जाएगी।

20- APR- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 4/20/2025 11:59 PM Page 1


# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 21 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यक्रम

## सीआईआरसी के चेयरमैन वाइस चेयरमैन का शहर प्रवास



**बिलासपुर।** सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल के चेयरमैन सीए अंकुर गुप्ता और वाइस चेयरमैन सीए दिनेश अग्रवाल का शहर आगमन चार्टर्ड अकाउंटेंट समुदाय के लिए एक खास अवसर रहा। आपसी संवाद और सहयोग को और मजबूत करने वाला भी सिद्ध हुआ। इस दौरान उन्होंने आईसीएआई के विकास कार्यों की जानकारी दी। सीए अंकुर गुप्ता ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईसीएआई प्रोफेशनल्स के स्किल डेवलपमेंट, तकनीकी सुधार और इंटरनेशनल लेवल पर सहयोग को बढ़ावा देने पर काम कर रहा है। साथ ही विद्यार्थियों और सदस्यों को नई चुनौतियों के लिए तैयार करने कई नई पहल शुरू की गई है। शाम को सीए रमनदीप भाटिया ने वस्तु एवं सेवा कर पर हुए हालिया विकास पर एक सेमिनार आयोजित किया। उन्होंने जीएसटी से जुड़े नए अपडेट्स, व्यवहारिक जानकारी और केस स्टडीज के माध्यम से उपस्थित सदस्यों को जानकारी दी। यह सत्र सभी प्रतिभागियों के लिए काफी ज्ञानवर्धक और उपयोगी रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा, सचिव सीए उदय चौरसिया, उपाध्यक्ष मंगलेश पांडेय, ट्रेजरर प्रखर बंसल, सिकासा अध्यक्ष, मैनेजिंग कमेटी के सदस्य सीए अविनाश सिंह टूटेजा का सहयोग रहा।

> दी आईसीएआई के विकास कार्यों की जानकारी

कथा

## राजा परीक्षित की कहानी समझाती है भक्ति और मोक्ष का महत्व

**बिलासपुर।** राजा परीक्षित हिंदू धर्म के महान योद्धाओं और शासकों में से एक माने जाते हैं। उनकी कहानी कर्म के फल, भक्ति और मोक्ष के महत्व को समझाती है। परीक्षित के जीवन की घटनाएं उनके कर्म और भक्ति की यात्रा का वर्णन करती है। ये बातें वैष्णवी विहार फेस 2 उसलापुर में चल रहे श्रीमद भागवत महापुराण में कथा व्यास पं. सुरेंद्र शर्मा ने रविवार को परीक्षित मोक्ष की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित कुरु वंश के अंतिम राजा माने जाते हैं। उनका जन्म महान पांडवों के वंश में हुआ था। वह अर्जुन के पोते और अभिमन्यु व उत्तरा के पुत्र थे। महाभारत के युद्ध में अभिमन्यु की वीरगति के बाद जब उत्तरा गर्भवती थीं, तब उनके गर्भ में परीक्षित थे। युद्ध के अंतिम दिनों में अश्वत्थामा ने उत्तरा के गर्भ में पल रहे बालक को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र छोड़ा था। तब भगवान कृष्ण ने हस्तक्षेप कर उस ब्रह्मास्त्र को निष्क्रिय कर दिया और परीक्षित को बचा लिया था। इस तरह परीक्षित का जन्म भगवान कृष्ण के आशीर्वाद से हुआ और उन्हें बचपन से ही एक दिव्य बालक माना गया। युधिष्ठिर के बाद परीक्षित को राज गद्दी सौंपी गई। राजा परीक्षित के जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उन्होंने अज्ञान वश एक ऋषि का अपमान कर दिया। ऋषि के पुत्र श्रृंगी ने गुस्से में राजा परीक्षित को श्राप दे दिया कि सात दिन के भीतर एक विषैला सांप उन्हें डस लेगा और उनकी मृत्यु हो जाएगी। राजा परीक्षित को यह जानने के बाद मृत्यु का डर हुआ, लेकिन शुकदेव ने उन्हें श्रीमद्भागवत कथा सुनाई।



स्पोर्ट्स

## सरगुजा को हराकर बिलासपुर ब्लू की टीम पहुंची सेमीफाइनल में



**बिलासपुर।** मेंस सीनियर प्लेट ग्रुप टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में जी श्रीकांत की आतिशी बल्लेबाजी और आशीष पांडे के आलराउंड प्रदर्शन की बदौलत बिलासपुर ब्लू की टीम ने सरगुजा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। स्टेट क्रिकेट संघ ने मेंस सीनियर प्लेट ग्रुप टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिलासपुर ब्लू की टीम का दूसरा मुकाबला रविवार को सरगुजा की टीम के साथ रायपुर के आरडीसीए मैदान में हुआ। बिलासपुर ब्लू की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाया। जी श्रीकांत और आशीष पांडे के बीच 135 रनों की शानदार साझेदारी हुई। जी श्रीकांत ने 40 गेंदों पर 12 चौके और 6 छक्कों की मदद से 96 रन और आशीष पांडे ने 26 गेंद पर पांच चौके और दो छक्के की मदद से 48 रनों का योगदान दिया। परिवेश धर ने भी 39 रन बनाया। सरगुजा की ओर से गेंदबाजी करते हुए सौम्या केसरी ने 3 विकेट, हर्ष दुबे, आयुष सिंह और रोहित यादव ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। 233 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरगुजा की टीम का भी प्रदर्शन शानदार रहा। राहुल प्रधान ने 39 गेंदों में 7 चौके, 8 छक्कों की मदद से 91 रन, हर्ष दुबे ने 33 रन, कृष चोपड़ा ने 26 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर ब्लू की ओर से आशीष पांडे ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक विकेट लेते हुए चार बहुमूल्य विकेट प्राप्त किया।

> मेंस सीनियर प्लेट ग्रुप टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता

# वेडिंग सीजन : साड़ी, कुरती-लहंगा का क्रेज





बाजार में बढ़ी हलचल, रविवार को भी जमकर खरीददारी



शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। शादी दूल्हा और दूल्हन के जीवन का खास दिन होता है। परिवार के अन्य लोग भी इस पल को स्पेशल दिन मानते है और इस दिन सभी लोग अपनी पसंद की इंडियन ड्रेस पहनकर खुद को सबसे अलग दिखाने की कोशिश में जमकर खरीददारी कर रहे हैं। यही वजह है कि इन दिनों बाजार में दिन भर हलचल रहती है।

**बिलासपुर।** शादी के मौसम में कपड़े दूल्हे और दूल्हन दोनों के लिए कई विकल्पों के साथ आते हैं। दूल्हे के लिए शेरवानी, कुर्ता और चूड़ीदार जैसे पारंपरिक परिधान एवं दूल्हनों के लिए लहंगा, गाउन और साड़ी चलन में है। श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित साड़ी संसार के डायरेक्टर ने बताया कि उनके यहां वेडिंग का बेहतर कलेक्शन है। साथ ही लक्ष्मीपति, सुभाष की ब्राण्डेड साड़ी, दूल्हन की साड़ी सहित अन्य सभी ब्राण्ड के कपड़े उपलब्ध हैं। इसमें विभिन्न डिजाइन व कलर के सलवार सूट, क्रॉप टॉप, कुरती लहंगे शामिल है। लेने देने के लिए साड़ी 2 सौ रूपए से शुरू है।

### खूबसूरत आउटफिट की तलाश

इस समय शहर में खूब शादियां हो रही है। घर में किसी की शादी की तारीख तय होते ही इसकी तैयारियां धूमधाम से शुरू हो जाती हैं। लोग दूल्हा-दुल्हन के साथ ही अपने खुद के लिए भी एक से बढ़कर एक खूबसूरत आउटफिट की तलाश में रहते हैं। दूल्हा-दुल्हन के भाई, बहन भी सबसे अलग और प्यारा दिखने अपनी पसंद के कपड़े खरीद रहे हैं। शादी की हर रस्म में लड़कियां अलग-अलग रंग और अलग-अलग प्रकार के कपड़े पहन रही हैं।

### हर रस्म का अलग-अलग परिधान

ब्यूटीशियनों ने बताया कि आजकल हर रस्म का अलग-अलग परिधान पहनने का चलन है। ज्यादातर घरों में शादी की रस्मों की शुरुआत माता की चौकी या फिर पाठ से होती है। ऐसे में इस दिन महिलाएं चुनरी प्रिंट का शरारा व कानों में झुमके पहनना ज्यादा पसंद कर रही हैं। हल्दी के दिन के लिए दुपट्टे वाला शरारा सूट खास तरह की हेयर स्टाइल के साथ, मेहंदी में स्लीवलेस टॉप के साथ स्कर्ट व संगीत के दिन के लिए गाउन ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। इन चीजों की डिमाण्ड के अनुरूप विक्रेता महानगरों से वेडिंग कलेक्शन थोक में मंगा रहे हैं।

दूल्हे की गाड़ियों को सजवाने हर दिन लग रही लाइन



## फूल बाजार गुलजार

शादी की सीजन शुरू होते ही फूलों की डिमांड बढ़ गई है। ईदगाह चौक स्थित फूल बाजार शनिवार को भी गुलजार रहा। दूल्हे की गाड़ियों को सजवाने लाइन लगी रही। वहीं लोग चिल्हर में भी फूल, गुलदस्ते की जमकर खरीददारी करते रहे।

खरमास समाप्त होने के साथ ही शादी-विवाह का मुहूर्त शुरू हो गया है। विवाह उत्सव में पूजा व डेकोरेशन के लिए काफी फूल की आवश्यकता पड़ती है। यही वजह है कि इन दिनों शहर का फूल बाजार एकदम गुलजार रहता है। प्रायः सभी फूल विक्रेता दूल्हों की गाड़ी सजाने में दिन भर व्यस्त रहते हैं। आजकल मंडप, पूजा स्थल को भी विविध तरह के फूलों से सजाने की परंपरा चल पड़ी है, इसलिए लोग गेंदा, सेवंती सहित अन्य सुगंधित फूलों को भी खरीदकर ले जा रहे हैं। इससे सभी तरह के फूलों की मांग बढ़ गई है। विक्रेताओं ने बताया कि फूलों की मांग में बढ़ोतरी हुई है। ज्यादातर मोंगरा, गुलाब, गेंदे के फूलों की ज्यादा बिक्री हो रही है। आजकल रिसेप्शन में गुलदस्ता देने का चलन होने के कारण छोटे-बड़े सभी तरह के गुलदस्ते भी बिक रहे हैं। डिमांड को देखते हुए विक्रेता कोलकाता सहित अन्य महानगरों से फूल मंगा रहे हैं।

### बाजारों में बढ़ी भीड़

शादी-विवाह का मौसम होने के कारण इन दिनों शहर से लेकर गांवों तक में फूलों की मांग बढ़ गई है। फूलों से दूल्हा-दुल्हन की गाड़ियों से लेकर जयमाला के स्टेज तक सजावट की जा रही है। इससे खरीदारों की भीड़ से बाजारों की रौनक भी बढ़ी हुई है। लग्न को देखते हुए शहर के अन्य स्थानों में भी फूलों की दुकानें सज गई हैं। शादी-विवाह के पूर्व हल्दी, मेहंदी की रस्म का प्रचलन भी बढ़ गया है। इसमें भी फूलों से सजावट का क्रेज बढ़ गया है। अभी शादी का सीजन माह जून तक चलेगा। इन महीनों में शादी, विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य भी होंगे।

# मसीहियों ने उत्साह से मनाया पुनरुत्थान पर्व





**बिलासपुर।** नगर के सभी चर्चों में मसीहियों ने रविवार को पुनरुत्थान पर यीशु मसीह के मृतकों में से पुनर्जीवित होने का मृत्युंजय पर्व उत्साह पूर्वक मनाया। क्रूस पर यीशु की मृत्यु के बाद उन्हें कब्र में दफन कर दिया गया था। तीसरे दिन रविवार को यीशु मृतकों में से जीवित होकर मृत्यु के बंधन को तोड़ कर मौत पर फतह पाई थी तब से लेकर आज तक इस विजय पर्व को मनाया जा रहा है

चर्च ऑफ़ क्राइस्ट सीएमडी चौक स्थित चर्च में निर्वाचित प्राचीन समिति के पास्टर सुदेश पॉल के नेतृत्व में पुनरूत्थान पर्व की आराधना सुबह 10 बजे प्रारंभ हुई। आराधना का संचालन राकेश पॉल ने किया। बाइबिल पठन भाई मुकेश पाल और प्रार्थना की अगुवाई सरिता पॉल, आस्त्रिता डेविड, मंजू निशा, एंजेलिना लवंग ने की। भेंट उठाने में अरविंद कुमार, जेरल डेनियल, कुणाल कुमार, अशोक दास की भूमिका रही। पास्टर श्री पॉल ने अपने प्रवचन में पुनरूत्थान पर्व के अर्थ को समझाते हुए बताया कि परमेश्वर की महान योजना के तहत यीशु मसीह को मृतकों में से जीवित कर फिर कभी न मरने वाले तेजोमय देह में उन्हें परिवर्तित कर दिया गया। प्रभु यीशु ने हमें पाप मुक्त कर शाश्वत जीवन प्रदान किया है।



### 11 सदस्यों ने लिया बपतिस्मा

जल संस्कार द्वारा 11 सदस्यों ने बपतिस्मा लेकर यीशु मसीह को ग्रहण किया। इसके बाद 47 दिनों से चली आ रही उपवास कालीन मीटिंग, दुखःभोग सप्ताह और यीशु के पुनर्जीवित होने का विजय पर्व, पुनरुत्थान दिवस का समापन हुआ।

पूरे कार्यक्रम में स्वाति डेनियल, निवेदिता पाल, जेनिफर पॉल, सरला मसीह, श्रेया डेविड, ज्वॉयस मसीह, जेनवी मसीह, अमित, आशीष वालेस, एलिस मसीह, अनुष्का दास, शामुएल वैलेस, राहुल जॉन, विवेक मसीह, अभिषेक सोनल, शशांक दास, आयुष बाघ, विवेक पाल ,अमन तांती ,आकर्षक सिंह सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।



फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के लिए बिलासपुर मैराथन 2025 का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें 300 से अधिक धावकों ने भाग लिया। मैराथन की शुरूआत गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम से हुई। विजेता धावकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धावकों का उत्साह बढ़ाने महापौर पूजा विधानी की उपस्थित रहीं।

## फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य के लिए धावकों ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम में रविवार की सुबह बिलासपुर मैराथन 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें सभी आयु वर्ग के धावकों ने भाग लिया। इस आयोजन में 3, 5 और 10 किमी की श्रेणियां शामिल थी। 10 किमी की दौड़ में सबसे ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें असलेश कुमार जांगड़े ने पुरुष वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपनी दौड़ 45 मिनट में पूरा कर लिया। पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों के विजेताओं को 5,000-5,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इस आयोजन के लिए नगर आयुक्त अमित कुमार का सहयोग रहा। मैराथन को सफल बनाने में केस कंस्ट्रक्शन, बीएनआई, विगी, न्यूट्रिशन विद खुशी, काफी मीडिया, होटेलियो, श्योर जिंदगी, ह्रुतिक फाउंडेशन, शाहेदा फाउंडेशन और श्री कृष्णा हॉस्पिटल की भागीदारी रही।

सीयू में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

# भारत हमेशा से वसुधैव कुटुंबकम का पक्षधर : प्रो. चक्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्नर न्यूज

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय की सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का रविवार को समापन हुआ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि भारत ने कभी साम्राज्यवाद की पैरवी नहीं की बल्कि बुद्ध, स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी की इस धरती ने सदैव शांति, अंहिसा, प्रेम, सद्भाव और वसुधैव कुटुंबकम की भावना को प्रसारित किया है।

संगोष्ठी की थीम रीसेटिंग इंडियाज एंगेजमेंट इन सेंट्रल एशिया फ्राम सिम्बोल टू सब्सटेंस रही।

कुलपति श्री चक्रवाल ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। विशिष्ट अतिथि यूरेशियन नेशनल यूनिवर्सिटी, कजाकिस्तान की पूर्व वाइस रेक्टर प्रो. एकबोटा झोलडासबेकोवा ने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया और जय हिंद बोलकर इस बात को स्थापित किया कि छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही है। उन्होंने अपने दो दिवसीय प्रवास को शानदार बताते हुए कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय सही मायने में अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय का स्वरूप ले रहा है। उन्होंने बिलासपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को सफल बताया। प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में आयोजित संगोष्ठी में अतिथियों का सम्मान नन्हा पौधा, शॉल, श्रीफल व स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया। आयोजन सचिव डॉ. राजकुमार नागवंशी तथा डॉ. अमित कुमार गुप्ता रहे। इस संगोष्ठी में देश-विदेश के 56 प्रतिभागी शामिल हुए। कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सांत्वना पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन संगोष्ठी के संयोजक प्रो. रामकृष्णन प्रधान ने किया। संगोष्ठी मौलाना अब्दुल कलाम आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ एशियन स्टडीज कोलकाता द्वारा प्रायोजित रही।




### खुलेगा मकाइस का क्षेत्रीय केन्द्र

मौलाना अब्दुल कलाम आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ एशियन स्टडीज कोलकाता के निदेशक प्रो. स्वरूप प्रसाद घोष ने कहा कि गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में जल्द ही मकाइस कोलकाता का क्षेत्रीय केन्द्र खुलेगा। जिसका लाभ शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को मिलेगा।

### युवा शोधकर्ताओं को मिला मंच

तकनीकी सत्रों में देश-विदेश से आए विषय विशेषज्ञों ने भारत-मध्य एशिया ऊर्जा संबंधों की चर्चा की। बहुपक्षीयता और शंघाई सहयोग संगठन में भारत की भूमिका का विश्लेषण किया गया। व्यापार, रणनीतिक सहयोग, डिजिटल सुरक्षा, फार्मास्युटिकल व आतंकवाद विरोधी क्षेत्रों में भारत के बढ़ते प्रभाव की समीक्षा की गई। वहीं युवा शोधकर्ताओं को मंच प्रदान किया गया, जिसमें भारतीय प्रवासियों की भूमिका और सिल्क रोड के माध्यम से भारत के संबंधों को रफ्तार प्रदान करने पर भी विचारों का आदान प्रदान हुआ।



# केसरी चैप्टर-2 की कमाई में आया उछाल

**मुंबई।** अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 को क्रिटिक्स और दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म के पहले दिन की शुरुआत अच्छी हुई थी। अब दूसरे दिन का अपडेट भी आ गया है। दूसरे दिन कमाई में बढ़ोतरी हुई है जिससे फिल्म की टीम भी खुश हो जाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने दूसरे दिन 9.50 करोड़ की कमाई कर ली है। वहीं, पहले दिन केसरी 2 ने 7.75 करोड़ कमाए थे तो इस हिसाब से फिल्म ने 2 दिन में टोटल 17.25 करोड़ कमा लिए हैं। वैसे अक्षय की फिल्म स्काई फोर्स की तुलना में फिल्म की कमाई कम है। वहीं, स्काई फोर्स ने 2 दिन में टोटल 34.25 करोड़ कमाए थे।

लाइफStyle



# उर्वशी
## लोग चीजों को ठीक से सुनते भी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्वशी रौतेला ने हाल में एक इंटरव्यू में बयान दिया कि बद्रीनाथ धाम के पास उनका एक मंदिर है, जिसका नाम उर्वशी मंदिर है। इस पर खूब विवाद हो गया है। रश्मि देसाई ने भी इसकी आलोचना की है। अब उर्वशी की टीम ने एक बयान जारी किया है, जिसमें लोगों से आग्रह किया गया है कि वे वीडियो को ठीक से सुनें।

सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत के दौरान उर्वशी ने दावा किया था कि बद्रीनाथ धाम के पास एक उर्वशी मंदिर है। उन्होंने दक्षिण भारत में भी कुछ ऐसा ही होने की इच्छा व्यक्त की। उर्वशी से पूछा गया कि क्या लोग आशीर्वाद लेने आते हैं? उन्होंने जवाब दिया, 'अब मंदिर है तो वही तो करेंगे।' अब उर्वशी रौतेला की टीम ने बयान जारी किया है, "उर्वशी रौतेला ने कहा कि उत्तराखंड में मेरे नाम का एक मंदिर है, न कि उर्वशी रौतेला का मंदिर। अब लोग चीजों को ठीक से सुनते भी नहीं हैं; बस 'उर्वशी' या 'मंदिर' सुनकर मान लेते हैं कि लोग उर्वशी रौतेला की पूजा करते हैं। इस वीडियो को ठीक से सुनें और फिर बोलें।' बयान में आगे कहा गया, 'उर्वशी ने कहा, हां, दिल्ली विश्वविद्यालय में उन्हें 'दमदमी माई' के रूप में पूजा गया था, और इसके बारे में एक न्यूज आर्टिकल भी है। उर्वशी रौतेला के बयान के बारे में भ्रमित करने वाले कमेंट्स करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए. किसी भी व्यक्ति के खिलाफ निराधार आरोप या अपमानजनक टिप्पणियां करने से पहले फैक्ट्स की पूरी तरह से जांच करना जरूरी है। समाज में सभी को एक-दूसरे के साथ सम्मान और समझदारी से पेश आना चाहिए ताकि सभी के अधिकारों की रक्षा की जा सके।'

## हॉलीवुड मसाला



# लेटेस्ट लुक अंडरवेयर ढीली पैंट

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर जस्टिन बीबर पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। इस वक्त म्यूजिक एंड आर्ट फेस्टिवल से जस्टिन की कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं, जिसे देखकर लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं, लोग उनकी तुलना ब्रिटनी स्पीयर्स से करते दिख रहे हैं। कहा जा रहा है कि जस्टिन अपने फैशन ब्रैंड के लॉन्च की तैयारी में हैं। जस्टिन की कमर से लटकती पैंट, ऊपर से झांकता अंडरवेयर और क्रॉप टॉप की तरह टीशर्ट में दिखे... जिसे देखकर लोगों ने हैरानी जताई थी।



# साइमन पैस्ले डे बने हैं जनरल डायर...

**नई दिल्ली।** 'केसरी चैप्टर 2' ने गुड फ्राइडे के मौके पर सिनेमाघरों में दमदार शुरुआत की है। फिल्म की तारीफ हो रही है। अक्षय कुमार, आर माधवन के अलावा चर्चा में ब्रिटिश एक्टर साइमन पैस्ले डे भी हैं, जिन्होंने फिल्म में जनरल डायर का रोल निभाया है। साइमन 'स्टार वार्स' फिल्म का हिस्सा रहे हैं। 'केसरी 2' में साइमन पैस्ले डे ने अपने खूंखार अंदाज, नृशंस हत्या के बाद भी अहम से भरे हुए व्यक्तित्व को बूखबी निभाया है। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि साइमन पैस्ले डे एक मंझे हुए और दिग्गज ब्रिटिश एक्टर हैं, जिनका थिएटर से लेकर टीवी और यहां तक कि रेडियो पर भी बड़ा नाम है। साइमन पेस्ले डे हॉलीवुड फिल्म 'स्टार वार्सः द राइज ऑफ स्काईवॉकर' में भी नजर आ चुके हैं। इंग्लैंड में 13 अप्रैल 1967 को पैदा हुए साइमन 58 साल के हैं।



# टोविनो ने चीन में मचाया गदर...

**नई दिल्ली।** अपने टैलेंट और अट्रैक्टिव ऑन-स्क्रीन पिक्चराइजेशन के लिए पसंद किए जाने वाले टोविनो थॉमस भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक महान शख्सियत बन गए हैं। अलग-अलग किरदारों में खुद को पूरी तरह से डुबोने की अपनी क्षमता के लिए मशहूर टोविनो ने अलग-अलग शैलियों में दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ने वाली परफॉर्मेंस देने के लिए तारीफ हासिल की है। अब टोविनो थॉमस मलयालम सिनेमा को उन ऊंचाइयों पर पहुंचा रहे हैं, जो पहले कभी नहीं पहुंची। उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर, एआरएम और 2018 मूवी, ताइवान, ताइपे में गोल्डन हॉर्स फैंटास्टिक फिल्म फेस्टिवल में पूरी तरह से हाउसफुल मिला। दर्शक इन हैरान कर देने वाली फिल्मों की शक्तिशाली कहानी और टोविनो थॉमस की शानदार एक्टिंग से बेहद इंप्रेस्ड हैं।



# एनटीआर लेकर आ रहे हैं नई धांसू फिल्म

**नई दिल्ली।** दर्शकों के चहेते जूनियर एनटीआर अब प्रशांत नील और माइथ्री मूवी मेकर्स के साथ मिलकर एक बड़ी फिल्म करने जा रहे हैं। इसका फिलहाल नाम एनटीआरनील रखा गया है। जूनियर एनटीआर 22 अप्रैल से शूटिंग शुरू करने वाले हैं। इस प्रोजेक्ट को लेकर फैंस का क्रेज जबरदस्त है। शूटिंग के लिए रवाना होते हुए जूनियर एनटीआर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक फिल्म की डीटेल्स सीक्रेट रखी हैं, लेकिन माहौल में जबरदस्त हलचल है। प्रशांत नील की दमदार स्टोरीटेलिंग और जूनियर एनटीआर की तगड़ी मौजूदगी इस फिल्म को इंडियन सिनेमा में एक नया बेंचमार्क देने वाली है। इसके अलावा जूनियर एनटीआर देवाराः पार्ट 1 की धमाकेदार सफलता के बाद एक बार फिर वापसी कर रहे हैं।

## टीवी मसाला




# असित मोदी को आती है गुरुचरण सिंह की याद

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते कई सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने बताया कि जब एक्टर उनका शो छोड़कर जाते हैं तो उन्हें कैसा महसूस होता है। असित ने बताया कि उन्हें जाहिर तौर पर यह बात चुभती है लेकिन जब कोई कलाकार शो छोड़कर जाता है तो जनता को उस कलाकार के फैसले का सम्मान करना चाहिए। मोदी बातों-बातों में बीते दिनों एक्टर गुरुचरण सिंह उर्फ सोढ़ी की जिंदगी में आई मुश्किलों का भी जिक्र किया। असित मोदी ने बताया कि वह सीरियल का हिस्सा रहे पुराने एक्टर्स को मिस करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम सभी ने साथ में शुरुआत की थी, और जब आप लंबे वक्त तक किसी के साथ काम करते हैं, और फिर जब वो जाते हैं तो दुख होता है। पुराने वाले हाथी भाई (कवि कुमार आजाद) की तबीयत खराब हुई और फिर वो चल बसे। मुझे नट्टू काका (घनश्याम नायक) की भी बहुत याद आती है। वो अभी अगर साथ होते तो बहुत मजा आता। कुछ लोगों ने यूं ही शो छोड़ दिया। वो कोविड के बाद यह शो नहीं करना चाहते थे।' असित मोदी ने कहा कि कुछ और भी एक्टर्स थे जिन्होंने ना जाने क्यों यह शो छोड़ दिया। कुछ गलतफहमी हुई होगी जिसके बाद वो चले गए। गुरुचरण सिंह के बारे में बात करते हुए कहा कि वह अभी भी उनके साथ टच में हैं। असित मोदी ने कहा, 'मैं कुछ लोगों के साथ अभी भी टच में हूं। गुरुचरण सिंह जी के साथ जो कुछ भी हो रहा है वो ठीक नहीं है। मुझे उनके लिए बुरा लगता है।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का बनेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** लगभग 25 साल पहले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने टीवी पर राज किया, दर्शकों के बीच यह सीरियल काफी मशहूर हुआ। हाल ही में इस सीरियल के दोबारा बनने की बात सामने आई। सीरियल में



मिहिर के चर्चित किरदार के लिए भी एक्टर गौरव खन्ना का नाम सामने आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में मिहिर का किरदार निभाने के लिए दो नाम सामने आए हैं। एक तो एक्टर सुधांशु पाडे का नाम है, दूसरा गौरव खन्ना का नाम है। बॉलीवुड लाइफ से की गई बातचीत में इस बात को गौरव खन्ना नकार देते हैं। वह कहते हैं, 'मुझे नहीं लगता है कि ये बात सच है। अफवाहों का आजकल कुछ नहीं कर सकते हैं। हां, मैं इस खबर से सरप्राइज जरूर हूं।' एक तरफ तो गौरव खन्ना कहते हैं कि वह 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' सीरियल का हिस्सा नहीं है। वहीं, उन्होंने एकता कपूर के साथ काम करने की इच्छा भी जता दी है।

# 'जाट 2' और भी बड़ी और बेहतर होगी : सनी देओल

**नई दिल्ली।** अभिनेता सनी देओल की हालिया रिलीज 'जाट' का बॉक्स ऑफिस पर जादू जारी है। फिल्म 65 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। अभिनेता ने अपनी सफलता का क्रेडिट प्रशंसकों को देते हुए कहा कि उनके प्यार और भावनाओं ने ही 'जाट' को सफल बनाया है। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने प्रशंसकों का आभार जताते हुए लिखा, 'आपका प्यार ही मेरी ताकत है और आप सबका जोश ही मेरी सफलता है।' सनी देओल ने आगे लिखा, 'जाट को प्यार करते रहिए। मैं 'जाट' और सिनेमा का जश्न मनाते हुए आप सभी के वीडियो देखकर अभिभूत हूं! उन्हें मेरे साथ शेयर करते रहिए. आपके प्यार और भावनाओं ने ही 'जाट' को सफल बनाया है। शेयर किए गए वीडियो में सनी देओल ने वादा किया कि 'जाट 2' और भी बड़ी और बेहतर होगी। खूबसूरत वादियों में टहलते नजर आए एक्टर ने कहा, "आपने मेरी फिल्म 'जाट' को इतना प्यार दिया है, मैं वादा करता हूं कि 'जाट 2' और भी बेहतर होगी। उन्होंने बताया कि "जाट 2' नए



मिशन के साथ आ रही है। अपकमिंग एक्शन फिल्म का निर्देशन भी गोपीचंद मलिनेनी करेंगे। वहीं, पोस्टर में निर्माता नवीन यरनेनी, रविशंकर वाई और टीजी विश्व प्रसाद के नाम भी उजागर किए गए। 'जाट 2' का निर्माण भी माइथ्री मूवी मेकर्स प्रोडक्शन हाउस करेगा। फिल्म के सीक्वल में सनी देओल की पुष्टि हुई है। हालांकि, अन्य कलाकारों के बारे में निर्माताओं ने जानकारी नहीं दी है। 'जाट' का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है। सनी देओल के साथ फिल्म में रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अभिनेता रणदीप हुड्डा खतरनाक खलनायक 'राणातुंगा' के किरदार में हैं।
फिल्म में उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'टच किया' भी है। हिंदी के साथ ही तमिल और तेलुगू में रिलीज हुई फिल्म 'जाट' का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स ने पीपल मीडिया फैक्ट्री के साथ मिलकर किया है।

# इस फिल्म के बाद अमिताभ ने जया बच्चन के साथ काम करने से कर दिया था इंकार

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और जया बच्चन ने अपने कॅरियर में साथ मिलकर एक से बढ़ कर एक हिट फिल्में दी। हालांकि, बाद में यह मशहूर जोड़ी एक साथ फिल्मों में नजर नहीं आई। इस बारे में जया ने बताया था कि यह अमिताभ का फैसला था कि दोनों फिल्मों में एक साथ काम नहीं करेंगे।.



2008 में एक मैगज़ीन के साथ एक बातचीत में जया बच्चन ने कहा था कि उन्होंने अपनी फिल्म मुकद्दर का सिकंदर के लिए अमिताभ के साथ कुछ रोमांटिक सीन शूट किए थे। बाद में जब फिल्म बनकर तैयार हुई, तो जया इसकी स्क्रीनिंग देखने आईं और उन सीन को देखने के बाद रो पड़ीं। एक हफ़्ते बाद उनके दोस्तों ने बताया कि बिग बी ने फैसला किया है कि वह उनके साथ फिर से काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'एक हफ़्ते बाद मुकद्दर का सिकंदर के ट्रायल शो के बाद, इंडस्ट्री में हर कोई मुझसे कह रहा था कि उन्होंने (अमिताभ बच्चन) अपने निर्माताओं को यह स्पष्ट कर दिया है कि वह



मेरे साथ काम नहीं करने जा रहे हैं। बाकी सभी ने मुझे इसके बारे में बताया, लेकिन उन्होंने इस विषय पर एक शब्द भी नहीं कहा। जब मैंने उनसे इस बारे में सवाल करने की कोशिश की, तो उन्होंने कहा, मैं एक शब्द भी नहीं बोलूंगा। 'मुझसे इस बारे में मत पूछो।' उसी बातचीत में जया ने बताया था कि अमिताभ बच्चन ने कई हिट फिल्में देने के बाद भी रेखा के साथ आगे काम नहीं किया।

## तो मेरी ज़िंदगी बन जाती नरक

जया ने बताया था कि उन्हें सार्वजनिक रूप से चल रही अटकलों के बारे में सब पता था। जया ने कहा था कि उन अफवाहों के पीछे कोई सच्चाई होती तो वह रेखा के साथ होंते। अगर वह बाहर की बातों की परवाह करने लगे, तो यह उनके लिए मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'अगर कोई होता, तो वह कहीं और होता, ना? लोगों ने उन्हें स्क्रीन पर एक जोड़ी के रूप में पसंद किया, और यह ठीक है। मीडिया ने उन्हें उनकी हर हीरोइन के साथ जोड़ने की कोशिश की। अगर मैंने इसे गंभीरता से लिया होता, तो मेरी ज़िंदगी नरक बन जाती। हम बहुत सख्त इंसान हैं।'

# असमय पत्नी जेनिफर की मौत से टूट गए थे अभिनेता शशि कपूर



**नई दिल्ली।** पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे शशि कपूर बॉलीवुड के खूबसूरत अभिनेताओं में से एक थे। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत अपने भाई राज कपूर की फिल्म आग (1948) में एक बाल कलाकार के रूप में की थी और बाद में बड़े होने के बाद बतौर हीरो धर्मपुत्र (1961) से डेब्यू किया। शशि कपूर को दीवार, सत्यम शिवम सुंदरम, नमक हलाल, काला पत्थर और कभी-कभी में बेहतरीन एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। उस दौर में काम के साथ ही शशि अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहे। शशि कपूर एक रशियन मूल की अभिनेत्री जेनिफर केंडल से प्यार करते थे। उनकी मुलाकात जेनिफर से तब हुई, जब वह अपने पिता पृथ्वीराज कपूर के साथ प्रसिद्ध पृथ्वी थिएटर में काम कर रहे थे।जल्द ही दोनों के बीच प्यार हो गया। जुलाई 1958 में दोनों ने शादी कर ली और उनके तीन बच्चे हुए - कुणाल, करण और संजना कपूर।

## कैंसर से जंग हार गईं जेनिफर

जेनिफर और शशि के जीवन में तब तूफान आया जब 1982 में जेनिफर को कोलन कैंसर का पता चला और वह कैंसर से जंग हार गईं। 1984 में उनकी मृत्यु हो गई. उनके निधन के बाद शशि पूरी तरह टूट गए. सीम छाबड़ा द्वारा लिखी गई उनकी जीवनी, 'शशि कपूरः द हाउसहोल्डर, द स्टार' के एक अंश के मुताबिक पत्नी जेनिफर के निधन के बाद शशि का जीवन दिल दहला देने वाला था। यह 1983 की बात है। तब जेनिफर अमीबिक पेचिश से पीड़ित मानी जाती थीं- को कैंसर का पता चला। जेफ्री केंडल अपनी आत्मकथा में लिखते हैं कि जब उन्हें अपनी बेटी की बीमारी के बारे में पता चला, तो वे बहुत देर तक 'कैंसर' शब्द नहीं बोल पाए।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉंच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला - मुंगेली (छ.ग.)
//ईश्तहार//
ई-कोर्ट क्रमांक -.......अ-6/2024-25
ग्राम - बिचारपुर
तह.व जिला - मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंजोरदास अंचल पिता स्व. फुलसिंह अंचल जाति सतनामी साकिन नागोपहरी तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम बिचारपुर प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. खैरा सेतगंगा तहसील मुंगेली स्थित भूमि खसरा नंबर 278/2, 399 रकबा क्रमशः 0.247, 0.269 हेक्टेयर कुल रकबा 0.316 हेक्टेयर का फौती नामांतरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतएव आवेदक का फौती नामांतरण किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
मुंगेली (छ.ग.)

20-APR--REGNOL--pg-5-COMMAN_Layout 1 4/20/2025 11:11 PM Page 1




## खबर संक्षेप

### आंधी- से बैगा परिवारों के घर हुए क्षतिग्रत



**लोरमी।** ग्राम छपरवा में तेज आंधी तूफान से चार बैगा परिवारों के कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो गए।साथ ही अंधड़ के कारण मोहल्ले के अन्य कई मकान अस्त व्यस्त हो गए। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम को अचानक मौसम बदलने से तेज आंधी तूफान आया जिससे ने वनक्षेत्र के कई घरों के छप्पर उड़ गए। मामला ग्राम छपरवा के बैगा मोहल्ला का है, जहां शनिवार को तेज आंधी तूफान के कारण बैगा मोहल्ला निवासी राम सिंह पिता घासीराम बैगा, लमतु पिता चैतूराम, सुखीराम पिता कन्हैया बैगा, चैतराम पिता महेत्तर बैगा के मकान क्षतिग्रत हो गए। उनके कच्चे मकान के छप्पर पूरी तरह से उड़ गए, जिससे उनकी आर्थिक रूप से क्षति हुई। छपरवा सरपंच अनिल अनन्त ने बताया कि बैगापारा में अंधड़ के कारण भारी नुकसान हुआ है, इससे लोगों को आर्थिक क्षति पहुंची है।

### लटकते बिजली के नंगे तार बने लोगों की जान के लिए खतरा



**कोटा।** विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण लोगों की जान पर खतरा मंडराता नजर आ रहा है। नाका चौक से बिलासपुर रोड तक सड़कों पर लटकते बिजली के नंगे तार किसी बड़े हादसे को आमंत्रित करते दिखाई देते हैं। कुछ तार तो लोगों के घरों के ठीक बगल से होकर गुजर रहे हैं, जिससे हर समय करंट लगने का खतरा बना रहता है। बारिश के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब ये तार गीले होकर और भी खतरनाक हो जाते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे कई बार बिजली विभाग और प्रशासन से इसकी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। भाजपा नेता गणेश गुप्ता गन्नू ने बताया कि थोड़ा सी भी तेज हवा चलने पर हम बच्चों को बाहर खेलने नहीं भेज सकते, क्योंकि खराब मौसम में हर समय हादसे का डर बना रहता है। शिकायतों के बाद भी विद्युत विभाग आंख बंद करके बैठा हुआ है एवं किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

### बाल विवाह मुक्त जिला बनाने एकदिवसीय कार्यशाला




**लोरमी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 19 अप्रेल को मंगलम भवन में विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ भारत के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें हितधारक, जनप्रतिनिधि, स्वसहायता समूह एवं आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता शामिल हुए। परियोजना अधिकारी राजेन्द्र गेंदले ने बताया कि बाल विवाह रोकथाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अन्तर्गत विवाह के लिए लड़के की उम्र 21 एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष का होना अनिवार्य है। बाल विवाह करने वाले तो दोनों पक्ष एवं उनका सहयोग करने वाले को 2 साल की सजा एवं 1 लाख रूपए का जुर्माने का प्रधान है। यदि कहीं पर बाल विवाह होता है तो इसकी शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जा सकती है। कार्यक्रम में उन्होंने मौजूद लोगों को विवाह मुक्त जिला बनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राजेन्द्र गेंदले परियोजना अधिकारी, उमाशंकर कश्यप समन्वयक चइल्ड हेल्पलाइन, पर्यवेक्षक मीनाक्षी यादव, भारती जागड़े, चन्द्ररेखा साहू, विजया साहू, रानी वर्मा, प्रभा साहू, सबा बेगम आदि उपस्थिति रहे।

### किया जा रहा 'ज्ञान गंगा जीने की राह' पुस्तक का प्रचार



**मुंगेली।** जिले के सभी ब्लाक में संत रामपाल महाराज के अनुयायियों की ओर से एक विशेष मुहिम चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत घर-घर जाकर ज्ञान गंगा जीने की राह नामक पुस्तक का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ज्ञान गंगा जीने की राह में संत रामपाल महाराज ने वेद, गीता, पुराण, बाइबिल और कुरान जैसे पवित्र ग्रंथों से प्रमाण सहित यह सिद्ध किया है कि ईश्वर कौन है, उसकी प्राप्ति कैसे संभव है, और शास्त्रों के अनुसार भक्ति किसे कहते हैं। मुंगेली के अनुयायी इस पुस्तक को जन-जन तक पहुंचाकर न केवल आध्यात्मिक जागरूकता फैला रहे हैं, बल्कि समाज में व्याप्त अंधविश्वास, नशा, दहेज प्रथा और अन्य कुरीतियों को मिटाने का भी कार्य कर रहे हैं। पुस्तक प्रचार में लगे श्रद्धालु बताते हैं कि यह पुस्तक पढ़ने से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। लोगों को पहली बार यह समझ में आ रहा है कि सच्ची भक्ति क्या है और उसके क्या लाभ हैं।

## बेलतरा विधायक की पहल पर फरहदा-गतौरा सड़क निर्माण शुरू

# क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए रहेंगे सदैव प्रयासरतः सुशांत

**बिलासपुर।** फरहदा चौक से गतौरा तक 3.5 किमी के मुख्य मार्ग में सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने भूमिपूजन कर सड़क और नाली निर्माण कार्य की शुरूआत की। विधायक सुशांत की पहल पर हिंद एनर्जी एंड कोल बेनीफिकेशन कंपनी ने अपने सीएसआर मद से 6 करोड़ की लागत सड़क निर्माण कार्य आरंभ कराया है। सड़क निर्माण से क्षेत्रवासी काफी उत्साहित और राहत महसूस कर रहे हैं।

- 6 करोड़ की लागत से हिंद एनर्जी कंपनी ने शुरू कराया काम

लगरा से गतौरा 3.5 किमी का मुख्य मार्ग कोयला से लदी बड़ी बड़ी गाड़ियों के चलने के कारण खस्ताहाल हो चुकी थी। जिससे आवागमन काफी दूभर हो गया था,आसपास के ग्रामीण खराब सड़क, कीचड़ और धूल से परेशान थे। आसपास के ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने 2 जनवरी 2025 को सड़क का जायजा लिया था और मार्ग में स्थित फरहदा गांव के बीच चौक में ग्रामीणों के साथ बैठक में हिंद एनर्जी कोल वाशरी के मैनेजर को बुलाकर सड़क का मरम्मत तत्काल शुरू कराने को कहा था। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने ग्राम फरहदा में ग्रामीणों के साथ बैठक कर इस दिशा में प्रयास शुरू किया।

बैठक में हिंद कोल एनर्जी के मैनेजर और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी बुलाया गया था। बैठक में विधायक श्री शुक्ला ने कोल वाशरी के मैनेजर से दो टूक कहा था कि सड़क वाशरी की गाड़ियों के कारण खराब हुआ है और इसे ठीक करवाने की नैतिक और पहली जिम्मेदारी कंपनी की है,कंपनी ने मरम्मत अब तक शुरू क्यों नहीं कराया है। खराब सड़क के कारण ग्रामीण परेशान हो रहे हैं,बिना विलंब किए सड़क का मरम्मत कार्य कंपनी शुरू कराएं। विधायक के पहल के बाद हिंद कोल एनर्जी ने सड़क निर्माण आरंभ कर दिया है। सड़क निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी ने भी एनओसी जारी कर दिया है। सड़क निर्माण शुरू होने के बाद ग्रामीणों ने विधायक सुशांत शुक्ला का आभार व्यक्त किया है।




सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते विधायक सुशांत।

### नागरिकों की समस्या का समाधान प्राथमिकता

सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा की नागरिकों की समस्या का समाधान और सुविधा उपलब्ध कराना हमेशा हमारी प्राथमिकता में है। क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए क्षेत्र के विकास और समृद्धि के लिए वे सदैव प्रयासरत रहेंगे। सीएसआर मद से सड़क निर्माण करने के लिए विधायक श्री शुक्ला ने कंपनी का आभार व्यक्त किया साथ ही सड़क गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

भूमिपूजन के अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, उमेश गौरहा विधायक प्रतिनिधि, मण्डल अध्यक्ष पवन कश्यप, मोनू रत्नाकर श्रीवास, राम प्रसाद पटेल, सरपंच अश्वनी सूर्यवंशी, शैलेश गोरख, पेशी राम जायसवाल, पार्षद जय वाधवानी, प्रितेश सोनी, हरप्रसाद धुरी, शंकर नायडू, रामा गुप्ता,दिवाकर तिवारी, राम गोपाल साहू ,कमल पांडेय ,केदार यादव, गेंदराम यादव, छबि राम पटेल, शिवशंकर, किशन पटेल, चंद्रदेव,अभिषेक यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल डिप्टी सीएम अरुण साव।

## माता कर्मा के मार्ग पर चलकर साहू समाज ने अर्जित की प्रतिष्ठाः साव

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ग्राम सारधा में माता कर्मा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं ग्राम नारायणपुर में भक्त माता उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने मां कर्मा का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि समाज के लोगों ने मिलजुल कर मंदिर का निर्माण किया है।

- माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व माता उत्सव में शामिल हुए साव

समाज मिलकर कोई कार्य करता है तो उसका अलग महत्व होता है। अयोध्या मंदिर निर्माण के लिए देशवासियों ने मिलकर सहयोग राशि दी, ऐसे काम मिलकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साहू समाज ने हमेशा अनुकरणीय कार्य किया है, इससे सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। हमें अपनी मेहनत की कमाई को पुण्य के कामों में लगाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भक्त माता कर्मा ने अपने त्याग, संघर्ष और मेहनत से समाज की सेवा की। उन्होंने अपनी तपस्या से भगवान कृष्ण को प्रसन्न किया एवं भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी का भोग लगाया।

यदि सच्चे मन से पूजा करो तो भगवान दर्शन देते हैं। श्री साव ने कहा कि माता कर्मा सब समाज के लिए आराध्य हैं, उनसे प्रेरणा लेकर समाज को एक साथ चलना है। आज छत्तीसगढ़ तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं साहू समाज भी आगे बढ़ रहा है। सब समाज को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे तो तरक्की करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो की टक्कर से 4 साल के मासूम की मौत



**पेंड्रा।** पेंड्रा के धनपुर गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसे से चोरों ओर मातम फैल गया। एक तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने घर के बाहर खेल रहे 4 साल के मासूम बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

दरअसल हादसा उस समय हुआ जब बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बच्चे को जोरदार टक्कर मारी, जिससे उसे गंभीर चोटे आई। परिजन आनन-फानन में बच्चे को जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस फरार ड्राइवर और वाहन की तलाश में जुट गई है। स्थानीय लोगों में इस हादसे को लेकर आक्रोश है, वही पुलिस अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है।

## तार की स्पार्किंग से घर में लगी आग, भारी नुकसान



**तखतपुर।** हाई वोल्टेज तार की स्पार्किंग से ग्रामीण का घर जलकर खाक हो गया। लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक भारी नुकशान हो चुका था। ग्राम बराही में लोगों के घरों के उपर से 11 केवी का बिजली का तार गुजरा हुआ है। ग्रामीण संतराम ओगरे के घर के ऊपर लटके हुए तार में रविवार दोपहर अचानक स्पार्किंग होने लगा और इसकी चिंगारी संतराम के घर के ऊपर जा गिरी, जिसके उसे घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को लपेटे में ले लिया, जिससे घर में रखी लकड़ी सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास को लोगों ने आग बुझाने का परसक प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका एवं घबराए ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना तत्काल विद्युत विभाग को दी।

## शिक्षक ने छात्रा को किया कलंकित, युवक समेत गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भरींडांड़

मरवाही आत्मानंद स्कूल की छात्रा के साथ स्कूल के ही एक शिक्षक द्वारा दुष्कर्म करने का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। छात्रा की तबीयत बिगड़ने और उसके गर्भवती होने की जानकारी सामने आने के बाद मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जानकारी के मुताबिक मरवाही आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 10वीं की नाबालिग छात्रा से कक्षा 9वीं में पढ़ने के दौरान स्कूल के हिंदी मीडियम के शिक्षक युगल किशोर दिनकर ने जान-पहचान बढ़ाई। धीरे-धीरे शिक्षक ने छात्रा को अपने झांसे में लिया एवं एक दिन बहला-फुसला कर उसे अपने साथ बाहर ले गया एवं वहां उसने छात्रा के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद अलग-अलग जगह ले जाकर उसने छात्रा से कई बार जबरदस्ती दुष्कर्म किया। कुछ दिन पहले छात्रा की तबीयत खराब हुई एवं परिजन उसे लेकर अस्पताल गए, जहां उन्हें उसके गर्भवती होने की जानकारी मिली। मामले का खुलासा होने पर नाबालिग ने सारी बात अपने परिजनों को बताई। इसके अलावा छात्रा ने बताया कि उसके परिचित युवक त्रिलोक आर्मो ने भी उसके साथ दुष्कर्म किया।




छात्रा के बयान और परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मरवाही थाने में शिक्षक युगल किशोर दिनकर के खिलाफ और पेंड्रा थाने में आरोपी त्रिलोक आर्मो के खिलाफ बीएनएस एक्ट की धाराओं के तहत अलग अलग मामला दर्ज किया है। आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्रवाई में पुलिस की टीम जुट गई है।

### की जा रही कार्रवाई

एक नाबालिक छात्रा की शिकायत मिली है कि उसके ही स्कूल के शिक्षक युगल किशोर दिनकर डरा धमका कर उसके साथ कुकृत्य करता रहा। आरोपी को पकड़ हिरासत में लिया गया है। मामले में बीएनएस की धारा 64 पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**दीपक मिश्रा**
एसडीओपी, मरवाही

## लोरमी क्षेत्र के किसानों को नहीं मिला खाद-बीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा किसानों को लाभान्वित करने विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है, लेकिन इसका लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। लोरमी में जरूरतमंद किसानों को खाद, बीज नहीं दिया गया है। कागजों में आवंटन दिखाकर खानापूर्ति कर दी गई है। इसका खुलासा सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों से हुआ है।

- सूचना के अधिकार के तहत दी अधूरी जानकारी

मामला लोरमी विकास खंड के वरिष्ठ कृषि विकास आधिकारी कार्यालय का है। झझपुरीकला निवासी संतोष वैष्णव ने जन सूचना अधिकारी उप संचालक कृषि मुंगेली से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी है। कृषि विभाग द्वारा दिए गए दस्तावेजों में आधी अधूरी जानकारी दी गई है। खाद एवं दवा किन किन किसानों को दी गई है इसका उल्लेख नहीं है। किसानों को कितनी मात्रा में चना दिया गया है यह नहीं बताया गया है। इसी तरह अलसी बीज, सरसों की मात्रा भी नहीं बताई गई है। बीज ग्राम योजना के तहत गेंहू मटर बीज वितरण सूची में किसानों को दी गई मात्रा नहीं बताई गई है। विभाग द्वारा 14 लाख 51 हजार 635 रूपए की दवा खरीदी की गई है लेकिन उक्त दवा किन किन किसानों को दी गई है यह नहीं बताया गया है। कार्यालय कृषि विभाग में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी का पद कई वर्षो से रिक्त है। जिसमें आरएईओ को प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है।

### दी जाएगी जानकारी

शिकायतकर्ता ने जानकारी प्राप्त करने ज़िला कार्यालय में आवदेन दिया था। उसकी फोटो कापी हमें नहीं मिली थी। अब हमें आवदेन की कापी मिल गईं है। चाही गई जानकारी दे देंगे।

**धनंजय कुर्रे,** प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, लोरमी।

## दो बाइक भिड़ी, 1 की मौत 2 घायल

**बिलासपुर।** पचपेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। 2 युवक घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुकुर्दीकला निवासी धरम यादव पिता गणेश यादव शनिवार शाम 7 बजे के आसपास अपने दो अन्य दोस्तों के साथ अपने बाइक क्रमंक सीजी 10 पी 1632 में सवार होकर किसी काम से जोंधरा की ओर जाने को निकले ही थे तभी गांव के ही ईंट भट्टे के पास ही जोंधरा की ओर से आ रही बाइक से आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें धरम यादव सहित बाइक में सवार 2 अन्य घायल हो गए। जिसे आसपास के लोगों ने डायल 112 की मदद से तत्काल मस्तूरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां धरम यादव को मृत घोषित कर दिया। 2 अन्य दोस्त इलाजरत हैं। अन्य बाइक सवार टक्कर लगने के बाद अपनी बाइक समेत मौके से फरार हो गया है। फिलहाल पचपेड़ी पुलिस शव को पोस्टमार्टम में भेज पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजन को सौप अज्ञात बाइक चालक की पता तलाश में जुट गई है।

## कांग्रेस ने निकाली बेटी बचाओ न्याय यात्रा, 10 किमी पैदल चले

**लोरमी।** ग्राम कोसाबाड़ी में बीते 9 दिनों से लापता 7 वर्षीय बच्ची मामले में सरकार का ध्यान आकर्षित करने प्रदेश कांगेस के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में 10 किलोमीटर 'बेटी बचाओ न्याय यात्रा' निकाली गई। यात्रा थाने का घेराव करने जा रही थी, लेकिन इससे पहले प्रसाशन ने पुराने बस स्टैंड में बेरिकेट्स लगाकर कांग्रेसियों को रोक दिया।

- प्रदेश में बढ़ रही महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाएं : बैज

गौरतलब हो कि घटना को लगभग 10 दिनबाद भी अब तक लापता बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला है। मामले को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल के द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में 16 अप्रैल को पीड़ित परिवार से मुलाकात कर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा गया है। इसके बावजूद बच्ची की पातासाजी को लेकर कोई पुख्ता सुराग नहीं मिल पाया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली और प्रशासन को विफल बताया। उन्होंने कहा कि बच्ची को गायब हुए 8 दिन से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं लगाया गया। छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ आपराधिक गतिविधियां लगातार बढ रही हैं। दुर्ग में 6 साल की बच्ची के साथ दुर्ष्कम हुआ, रायपुर मे 3 साल की बेटी के साथ भी अनाचार हुआ।



**कन्या पूजन के बाद पद यात्रा की शुरुआतः** कोसवाड़ी से नगर तक लगभग 11 किलोमीटर की न्याय यात्रा ग्राम कोदवा महंत, डोंगरिया, झझपुरी, से गुजरते हुए नगर के पुराना बस स्टैंड पहुंची। कांग्रेस कार्यकर्ता थाने का घेराव करने बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस प्रशासन ने उन्हें 100 मीटर पहले ही रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, आलोक सिंह, रोहित शुक्ला, संजीत बनर्जी,थानेश्वर साहू, नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, आत्मा सिंह, श्याम जायसवाल, दिलीप बंजारा, नितेश पाठक, विद्यानन्द चंद्राकर, चुरावन मंगेश्कर, चंद्रभान बारमते, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, नरेश पाटले, पुरूषोत्तम मार्को, राजा ठाकुर, लोकराम साहू, अभिलास सिंह, नवनीत शुक्ला,मोनू यादव, सहित बडी संख्या में डिंडौरी, जरहागांव, पथरिया, सरगांव मुंगेली के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

# वन मंत्री केदार ने किया एटीआर का दौरा

**लोरमी।** छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री केदार कश्यप ने 20 अप्रैल को अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने ग्राम शिवतराई स्थित बैगा रिसॉर्ट में विभागीय अधिकारियों एवं एटीआर प्रबंधन के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें एटीआर में हुई बाघों की संख्या वृद्धि के संबंध में प्रबंधन ने फोटो एल्बम प्रस्तुत किया।

बैठक में बाघ संरक्षण, गांवों के विस्थापन की वर्तमान स्थिति, आजीविका उन्मुख गतिविधियां, ग्रामीण रोजगार, वनों की अग्नि सुरक्षा तथा वन प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री कश्यप ने पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने, आजीविका आधारित कार्यक्रमों का विस्तार करने तथा वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सुदृढ़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने बैगा रिसॉर्ट की सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित 'सुविनियर शॉप' का निरीक्षण किया। इस पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और ऐसे आजीविका कार्यों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।



वन मंत्री का स्वागत करते विधायक धर्मजीत सिंह।

### सकरी में धर्मजीत ने किया स्वागत

वन,जल संसाधन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप रविवार को सकरी प्रवास पर थे इस दौरान तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के नेतृत्व में भाजपाजनो द्वारा वन चेतना केन्द्र सकरी में स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने सकरी स्थित स्मृति वाटिका का नवीनीकरण कर सौंदर्यीकरण करने, सिंचाई कालोनी सकरी में रेस्ट हाउस निर्माण एवं सिंचाई कालोनी स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण करने, वन चेतना केन्द्र सकरी में इंटरपिटीशन सेंटर खोलने,अचानक मार्ग अभ्यारण जाने के लिए तखतपुर विधानसभा के डोमनपुर, सावतपुर के पास से प्रवेश मार्ग खोलने की मांग वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से की। जिस पर मंत्री ने इन विकास कार्यों को प्रथमिकता क्रम से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## बेलतरा क्षेत्र में 2 शराब कोचिए गिरफ्तार

**बेलतरा।** बिलासपुर एसपी के निर्देशानुसार जिले में नशे के अवैध कारोबार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसकी क्रम में रविवार 18 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सेंकर में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब का निर्माण के एवं बिक्री हो रही है।

सूचना पर रतनपुर पुलिस ने मौके पर छापामार कार्रवाई करते हुए ग्राम सेंकर निवासी लक्ष्मण सिंह पैकरा ऊर्फ कटहल के कब्जे से लगभग 36 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया। साथ ही महुआ शराब ले जा रहे महेन्द्र कुमार पैकरा निवासी ग्राम धौंराडोगरी थाना पाली को रास्ते में रोककर उसके कब्जे से 9 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। दोनों आरोपियों के पास से कुल 45 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 9 हजार रूपए जब्त की गई।



आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई करते हुए आरोप लक्ष्मण सिंह पैकरा ऊर्फ कटहल पिता भगवान सिंह पैकरा उम्र 30 वर्ष निवासी सेंकर थाना रतनपुर व महेन्द्र कुमार पैकरा पिता सीतराम पैकरा उम्र 23 वर्षनिवासी धौंराडोंगरी थाना पाली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### जादू टोना का लगाया आरोप, दी धमकी

**बिलासपुर।** जादू टोना का आरोप लगाकर तीन महिलाओं को धमकी देने वाले निगरानी बदमाश के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। हिर्री टीआई अवनीश पासवान ने बताया, ग्राम मोहदा निवासी रामकृष्ण यादव थाने का निगरानी बदमाश है। उसके 3 साल की बच्ची बीमार चल रही है। इलाज के बाद भी स्वास्थ में सुधार नहीं आने पर वह गांव के तीन महिलाओं पर जादू टोना का आरोप लगाकर धमकी दे रहा है। पुलिस ने महिलाओं की रिपोर्ट पर रामकृष्ण यादव के खिलाफ छत्तीसगढ़ टोनही अधिनियम की धारा 4, 6 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पत्नी ने की थी खुदकुशी पति गिरफ्तार

**बिलासपुर।** प्रताड़ना पत्नी के आत्महत्या करने के मामले में



पुलिस पति को गिरफ्तार कर लिया है। पचेपड़ी पुलिस के अनुसार, गोपालपुर निवासी ईश्वरी बाई पति गंगाराम केंवट 30 साल ने पति के प्रताड़ना से त्रस्त होकर 23 जनवरी 2025 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 108 के तहत जुर्म दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया है।

### गोंड़ भूमकाल विकास समिति की बैठक 23 को

**बिलासपुर।** गोंड़ भूमकाल विकास समिति बिलासपुर संभाग की बैठक 23 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से गोंड़वाना भवन जोरा पारा सरकंडा में होगी। समिति के मुकुंद सिंह नेताम ने बताया कि बैठक में समिति का पुनर्गठन करने सहित अन्य सामाजिक विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों से इस बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### अग्निवीर भर्ती आवेदन की तारीख 25 तक

**बिलासपुर।** इंडियन आर्मी जॉइन करने की चाहत रखने वाले युवा अब 25 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन (8वीं और 10वीं), महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती, धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी की गई है। कैंडिडेट अग्निवीर के 2 पदों के लिए अपनी योग्यता अनुसार आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को परीक्षा में टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। परीक्षा जून 2025 में होने की संभावना है।

### सहायक संचालक उद्योग भर्ती हेतु आवेदन 26 तक

**बिलासपुर।** छग लोक सेवा आयोग ने सहायक संचालक उद्योग के 30 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 26 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। आयोग ने ये फैसला तकनीकी दिक्कतों के चलते लिया है, लोगों को फॉर्म भरने में परेशानी हो रही थी। बिना फीस के करेक्शन की विंडो 27 से 29 अप्रैल तक खुली रहेगी। फीस देकर बदलाव करना है तो 30 अप्रैल से 2 मई 2025 तक का समय मिलेगा। इसके लिए इंजीनियरिंग करने वाले कैंडिडेट्स इसके लिए एलिजिबल हैं। इसके अलावा एमबीए, पीजीडीएम या फिर औद्योगिक रसायन, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, भौतिकी और रसायन में पोस्ट ग्रेजुएशन वाले भी आवेदन कर सकते हैं।

**साल भर बिना संसाधनों के खेलते रहे खिलाड़ी**

**बजट आबंटन के बाद भी संभाग-जिला कार्यालयों में नहीं पहुंचे सामान, राज्य भर में स्कूली खेलों की हालत खराब**

# खेल सामग्री के लिए मिले थे 10 करोड़, खरीदी हुई ही नहीं और राशि हो गई लैप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के पांच संभागों में स्थायी खेल सामग्री खरीदी के लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने 10 करोड़ रुपए की राशि का आबंटन किया था।

सत्र की शुरुआत में जारी हुई इस राशि कहां गई किसी को पता नहीं। साल भर बीतने को है लेकिन स्कूलों में यह सामान नहीं पहुंचे और खिलाड़ियों को बिना संसाधन के खेलना पड़ा। स्थानीय खेल संघों की मदद से प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गईं। हाल यह रहा कि गायब हुई राशि मार्च में लैप्स भी हो गई। इसके अतिरिक्त जिला और ब्लाक स्तर पर भी एक रुपए खरीदी नहीं हो सकी। इस बारे में अधिकारियों का कहना है कि खरीदी जैम पेटर्स से होनी थी इसलिए देरी हुई जबकि संयुक्त संचालक कार्यालयों का जैम में पंजीयन ही नहीं था। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश भर के स्कूलों में खेल सामग्री की कमी को दूर करने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने मई-जून 2024 में प्रदेश के पांच संभाग बिलासपुर, रायपुर, बस्तर, सरगुजा और दुर्ग में बजट आवंटित किया था। करीब साल भर बीत जाने के बाद भी किसी भी संभाग ने स्थाई खेल सामग्री नहीं खरीदी और न ही जिली में भेजी। संभागों के अलावा ब्लाक स्तर पर और जिलों को भी खेल सामग्री खरीदने के लिए अलग-अलग बजट प्रदान किया गया। यहां भी खरीदी नहीं हुई जबकि, वर्ष 2024-25 का खेल केलेंडर खत्म हो गया है।

### स्कूलों में खेल सामग्री का बेहद अभाव

गौरतलब है कि स्कूलों में खेल सामग्री नहीं होने के कारण शालेय खेलों का बुरा हाल है। राज्य स्तर और जिला स्तर के टूर्नामेंट के लिए कभी-कभी उधार की सामग्री मांगनी पड़ती है तो साथ में निजी स्कूलों का सहारा लेना पड़ता है। पीटीआई संघ का भी कहना है कि किसी भी स्कूल में खेल सामग्री नहीं है। बच्चों को अभ्यास किसमें कराया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में तो शालेय खेलों की हालत और भी खराब है। खेल सामग्री नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्री में शालेय खेल लगभग ठप हैं।

### इन सामग्री की होनी थी खरीदी

खेल साामग्रियों में फुटबॉल, हॉकी स्टिक, हैंडबॉल, वालीबॉल, बैडमिंटन के पोल व नेट, खो-खो पोल, टेबल टेनिस के बोर्ड और नेट, बास्केटबॉल, कैरम बोर्ड, हाई जंप स्टैंड कुश्ती, कबड्डी मेट, बॉक्सिग उपकरण, शतरंज, घड़ी तीरंदाजी का सामान, वेट मशीन और ताइक्वांडों के सामान शामिल हैं।

### इस तरह से राशि का आबंटन

लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी संभागों, जिली और ब्लॉक स्तर पर स्थाई खेल सामग्री खरीदने के लिए 2 करोड़ का आबंटन किया था। इसके साथ ही ब्लॉकों में खेल सामग्री के लिए करीब 1.14 करोड़ रुपए दिए गए हैं। वहीं, प्रत्येक जिला को 11 लाख रुपए का आवंटन दिया गया है। इसके अलावा संभागों को खेल सामग्री खरीदने के लिए 10-10 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं। वहीं शा. शारीरिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय पेन्ड्रा को 3.12 लाख रुपए खेल सामग्री खरीदने के लिए दिया गया है।

### पता लगाया जाएगा

इस राशि के आबंटन की जानकारी ली जा रही है। संयुक्त संचालक आफिस से इस बारे में पता लगाया जाएगा। खरीदी जैम पोर्टल या किस माध्यम से होनी है उसे ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी।

**- अनिल तिवारी,** जिला शिक्षा अधिकारी

**स्लीपर कोच यात्रियों से खचाखच, नहीं की जा रही टिकिट की जांच**

# मालदा टाउन एक्सप्रेस में बढ़ी पश्चिम बंगाल जाने वाले यात्रियों की भीड़





हावड़ा और मुंबई की ओर आने-जाने वाली मालदा एक्सप्रेस में बढ़ी यात्रियों की भीड़। लोग खड़े होकर कर रहे हैं सफर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हावड़ा और मुम्बई की ओर आने-जाने वाली ट्रेनों के रद्द होने की वजह से सप्ताह में एक दिन चलने वाली सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस में बंगाल की ओर जाने वाले यात्रियों की काफी भीड़ बढ़ गई है। ट्रेन के जनरल कोच के साथ स्लीपर कोच में भी यात्रियों को पैर रखने की जगह नहीं मिल पा रही है। यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के कारण टीटीई भी कोच तक टिकट की जांच करने नहीं पहुंच पा रहे हैं।

बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी रेल लाइन का काम करने के लिए 25 मई तक हावड़ा-मुम्बई की मुख्य ट्रेनें सहित 36 एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और





लोकल, पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इन सभी ट्रेनों के रद्द किए जाने के कारण लाखों की संख्या में यात्रियों का सफर प्रभावित हो रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत मुम्बई में अपनी बीमारी का उपचार कराने वाले यात्रियों को हो रही है, जिन्होंने ट्रेन में सफर करने की आस में दो माह पहले से ही अपनी बुकिंग करने के साथ डॉक्टर से मिलने का समय भी ले लिया था। इसी रूट पर नागपुर और पुणे की ओर जाने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या भी काफी अधिक है, जो पढ़ाई के अलावा बड़ी कंपनियों में इंटरव्यूह व अन्य कार्य के लिए ट्रेन में सफर करते हैं। इसकी वजह से मुम्बई की ओर जाने वाली ट्रेन में यात्रियों की भीड़ अधिक होने के कारण वेटिंग का आंकड़ा शतक से अधिक का हो जाता है। इसी तरह का हाल मुम्बई से हावड़ा की ओर जाने वाली ट्रेन का भी रहता है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के अलावा ओडिशा, महाराष्ट्र में भी बड़ी संख्या में बंगाल से लोग आना-जाना करते हैं। प्रतिदिन हावड़ा से इन प्रदेशों में आने वाले यात्रियों की संख्या हजारों में होती है, जिसके कारण हावड़ा की ट्रेन में भी यात्रियों को बैठने की जगह नहीं मिल पाती है। ट्रेन रद्द करने की वजह से चार स्टेट पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में रहने वाले लाखों लोगों का सफर प्रभावित हो गया है।

मुख्य ट्रेनों के रद्द किए जाने से कंफर्म बुकिंग वाले यात्री वेटिंग टिकिट लेकर दूसरी ट्रेनों में सफर करने को मजबूर हो गए हैं। इसी तरह का हाल वर्तमान में चल रही साप्ताहिक ट्रेन सूरत-मालदा टाउन का है। यह ट्रेन सूरत से रवाना होकर नागपुर, गोंदिया, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर होकर ओडिशा होते हुए पश्चिम बंगाल की ओर जाती है। इस ट्रेन की स्थिति ऐसी हो गई है कि जनरल कोच में यात्री ठूंस ठूंस कर बैठ रहे हैं, तो जगह मिलने के कारण कई यात्री स्लीपर कोच में भी सवार हो जा रहे हैं। स्लीपर कोच में सामान और यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण कई यात्री को ट्रेन के गेट पर बैठकर अपनी जान से खिलवाड़ करना पड़ रहा है।

**गंभीर अवस्था में दूधवाला सिम्स में भर्ती**

# दूध बांटने आए प्रेमी पर पति ने चापड़ से किया वार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रविवार की सुबह 11.30 बजे तालापारा मरीमाई रोड में दिल दहाला देने वाली वारदात से सनसनी फैल गई। पत्नी से अवैध संबंध होने पर पति ने दूध बांटने आए प्रेमी के सिर व गर्दन पर चापड़ से खतरनाक तरीके से 6 से 7 वार कर दिया, जिससे दूधवाला खून से नहा गया। उसे मृत मानकर पति बाइक उठाकर पत्नी को मारने के लिए उसके मायके चला गया। रास्ते में उसका मन बदल गया और सीधे सिविल लाइन थाना पहुंचकर दोनों हाथ आगे बढ़ाते हुए कहा गिरफ्तार कर लो साहब पत्नी के प्रेमी को मार डाला हूं। पुलिस मौके पर गई तो दूधवाला खून से लथपथ पड़ा हुआ था। तत्काल उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया।



हमलावर।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, चकरभाठा पिरईया निवासी जयपाल साहू पिता कन्हैया साहू 40 साल लोगों के घरों में दूध बांटने का काम करता है। वह तालापारा मरीबाई रोड निवासी ड्राइवर मो. मोबिन पिता अब्दुल हनीम 46 साल के घर व आसपास के घरों में दूध बांटता था। दूध बांटते के दौरान मो. मोबिन की पत्नी व दूधवाले जयपाल साहू के बीच प्रेम संबंध हो गया था। मो. मोबिन को उनके बीच प्रेम संबंध की जानकारी हुई तो उसने अपनी पत्नी को दो तीन बार मना किया, जिससे उनके बीच विवाद होने लगा। इस पर 20 दिन पहले उसकी पत्नी अपने मायके तिफरा चली गई। 19 अप्रैल को मो. मोबिन रात भर नहीं सोया और प्रेमी दूधवाले व पत्नी की हत्या करने योजना बनाता रहा। रविवार की सुबह से वह घर के पास चापड़ लेकर दूधवाले के आने का इंतजार कर रहा था। सुबह 11.30 बजे दूध लेकर जयपाल साहू उसके घर के पास आकर रूका। वैसे ही मो. मोबिन चापड़ से खतरनाक तरीके से उसके सिर व गर्दन पर 7 बार वार कर दिया, जिससे जयपाल खून से लथपथ होकर बदहवास हो गया और आसपास खून की धार बहने लगी। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर गंभीर अवस्था में जयपाल साहू को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया। जहां आईसीयू वार्ड में इलाज किया जा रहा है। उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

### पत्नी को मारने जा रहा था ससुराल, रास्ते में मन बदला

प्रेमी दूधवाले को खून से लथपथ बदहवास देकर आरोपी मो. मोबिन उसे मृत मानकर बाइक उठाकर पत्नी को मारने के लिए अपने ससुराल तिफरा जा रहा था। रास्ते में उसका मन बदल गया और सीधे सिविल लाइन थाने जाकर डीओ अफसर जीवन साहू के पास दोनों हाथ आगे बढ़ाते हुए कहा गिरफ्तार कर लो साहब पत्नी के प्रेमी को मार डाला हूं। इतनी सुनते ही थाने में हड़कंप मच गया। उसे आराम से बैठाकर पानी पिलाया गया। उसके बाद उसने पत्नी व दूधवाले के बीच प्रेम संबंध की पूरी कहानी बताई।

### सिपाही ने घायल को उठाकर अस्पताल पहुंचाया

घटना के बाद मौके पर दूधवाला खून से लथपथ तड़पते हुए सड़क पर पड़ा हुआ था। आसपास खून की धार बह रही थी। मजेदारबात यह है कि मौके पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी, किन्तु उसकी मदद के लिए कोई आगे नहीं आाया। पेट्रोलिंग पार्टी का आरक्षक मनोज साहू ने मौके पर पहुंचकर जख्म को कपड़ा से दबाकर उसे उठाया और गाड़ी में बैठाकर सिम्स ले जाकर भर्ती कराया।

### जो किया हूं, उसकी सजा भुगतुंगा

पूछताछ के दौरान आरोपी मोबिन ने कहा कि उसने अपनी पत्नी के प्रेमी दूधवाले को मार डाला है। पुलिसवालों ने उसे बताया, उसकी मृत्यु नहीं हुई है। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस पर आरोपी ने कहा जो किया हूं, उसका सजा भुकतूंगा साहब। इस पर मुझे कोई पछतावा नहीं है।

### पत्नी रहती थी घर में अकेले पिता पुत्र रहते थे बाहर

पूछताछ में आरोपी मो. मोबिन ने कहा वह पेशे से ड्राइवर है और उसका एक 21 साल का बेटा है। वह गाड़ी चलाने बाहर चला जाता था और उसका बेटा घूमने फिरने निकल जाता था। उसकी पत्नी घर में अकेले रहती थी। इसी दौरान दूधवाला दूध देने के बहाने पत्नी से हंसी मजाक करता था। दोनों को बातचीत करते उसने कई बार देखा। मना करने पर भी नहीं मानने पर वारदात को अंजाम दिया।

# रेलवे अफसर व आरक्षक के सूने मकानों में चोरों का धावा, जेवर, नकद चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे अफसर व आरक्षक के सूने मकानों में चोरों ने धावा बोलकर जेवर व नकद सहित लाखों का सामान पार कर लिया है। सिलसिलेवार चोरी के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

### सकरी क्षेत्र में चोर मचा रहे आतंक



सकरी क्षेत्र में चोर गिरोह बेखौफ होकर आतंक मचा रहे हैं और सूने मकानों को टारगेट बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं।पिछले दिनों आसमां सिटी के 8 व सागर होम्स के 1 सूने मकानों में चोरी हुई। पुलिस चोरों को सुराग तक नहीं लगा पाई। फिर एक आरक्षक के घर हुई चोरी ने सकरी पुलिस की सक्रियता की पोल खोलकर रख दी है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, रेलवे आफिसर कालोनी निवासी डॉ. विपिन वैष्णव रेलवे विभाग में अधिकारी है। सितंबर 2024 में वह सरकारी आवास के दरवाजे में ताला लगाकर शासकीय काम से जापान गए हुए हैं। 14 अप्रैल को श्री वैष्णव को सूचना मिली, उसके शासकीय आवास में चोरी हुई है। जिसकी सूचना उन्होंने अपने पिता वासुदेव मोहनदास वैष्णव को फोन पर दी। अधिकारी के माता पिता नागपुर से बिलासपुर आकर शासकीय आवास में देखें तो दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी और अंदर का सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। विभिन्न अवसरों में मिले गिफ्ट कांसे की मूर्ति, घड़ियां, चांदी की एक गाय, कांसे के बर्तन का सेट, 5 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। दूसरी घटना में सकरी क्षेत्र के ग्राम संबलपुर कन्हैया धाम निवासी गोपीचंद कौशिक सीएफ में आरक्षक है और कांकेर में पदस्थ है। जहां उसकी पत्नी चमेली कौशिक दो बच्चों के साथ रहती है। 19 अप्रैल शाम 4 बजे आरक्षक की पत्नी घर में ताला लगाकर ससुराल अर्जूनी चली गई। सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरों ने धावा बोलकर सोने की अंगूठी, सोने की मोतीमाला, सोने की ताबीज, 2 सोने की फुल्ली, सोने का सुईधागा, 4 जोड़ी पायल, 4 चांदी की अंगूठी, 6 जोड़ी बिछिया, 3 नग चांदी का कमरबंद, चांदी का सिक्का, चांदी की लक्ष्मी जी की मूर्ति, गाड़ी के दस्तावेज, 15 हजार रुपए नकद चोरी कर भाग गए। 20 अप्रैल को आरक्षक पत्नी घर लौटी तब चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने दोनों मामले में अपराध कायम कर खानापूर्ति कर ली है।

### ट्रेन से कटकर ग्रामीण ने की खुदकुशी

**बिलासपुर।** ट्रेन से कटकर एक ग्रामीण ने आत्महत्या कर लिया है। पुलिस जांच में जुट गई है। सकरी पुलिस के अनुसार, मस्तूरी पेंड्री निवासी महेश कुमार रजक पिता उमेन्द्र रजक 50 साल ने शादी नहीं किया था। शनिवार को सुबह मस्तूरी से बस में बैठकर शहर आया और देर रात उसलापुर रेलवे लाइन में ट्रेन के सामने खुदकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### विक्षिप्त युवक की संदिग्ध मौत

**बिलासपुर।** मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, खैरखुंडी निवासी अजय केंवट पिता सुतारू 25 साल मानसिक रूप से विक्षिप्त था। बिना कपड़े के गांव में घूमते फिरते रहता था। रविवार को वह गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा हुआ था। परिजनों उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। परिजनों हाथ-पैर चोट होने पर हत्या का आरोप लगाकर जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# खरीददारी करने के दौरान महिला के पर्स से 50 हजार रुपए चोरी

**बिलासपुर।** शादी की खरीददारी करने दुकान गई महिला के पर्स से 50 हजार रुपए पार हो गया। सीसीटीवी कैमरे में दो महिलाओं की तस्वीर चोरी करते कैद हो गई है। फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस महिलाओं को नहीं पकड़ पाई है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 19 अप्रैल को रतनपुर रानीगांव निवासी रूखमणी निर्मलकर घर में शादी होने पर अपने पति सुरेश निर्मलकर के साथ खरीददार करने चकरभाठा स्थित छत्तीसगढ़ मेटल स्टोर फर्नीचर सामान खरीदने गई थीं। दोपहर 2.30 बजे दुकान में बहुत भीड़ लगी हुई थी। फर्नीचर पंसद करने के बाद श्रीमती निर्मलकर ने काउंटर में जाकर पेमेंट करने के लिए पर्स खोलकर देखा, तो उनके पर्स से 50 हजार रुपए गायब हो गए थे। चोरी की वारदात से दुकान में हड़कंप मच गया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला गया, जिससे श्रीमती निर्मलकर के पास दो महिलाएं बैठी नजर आ रही हैं, दोनो महिलाएं पर्स का चैन खोलकर 50 हजार की गड्डी निकालकर जाती दिख रही हैं। श्रीमती निर्मलकर ने फुटेज सहित चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक: 10 मई 2025, 05 जून 2025, 29 अगस्त 2025, 10 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशिः-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411